दैनिक
# बुद्ध का संदेश
हिन्दी समाचार पत्र
एक विश्वास....
लखनऊ, कानपुर, कन्नौज, बरेली, सीतापुर, सोनभद्र, गोण्डा, बाराबंकी, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, अम्बेडकरनगर, फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज, रामपुर, रायबरेली, सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।
सिद्धार्थनगर
शुक्रवार ,08 मई 2026
वर्ष: 13 अंक : 139 पृष्ठ: 8
आमंत्रण मूल्य 2/–रुपया
सम्पादक : राजेश शर्मा
दैनिक बुद्ध का संदेश 8795951917, 9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com
उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

तीन–तीन सुंदर हीरोइन्स के फेर ...8

## पीएम मोदी बोले– आतंकवाद को पालने वाले तंत्र को नष्ट करने के लिए भारत आज भी अडिग

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को श्ऑपरेशन सिंदूरश के एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य की सराहना की और आतंकवाद के विरुद्ध भारत के कड़े रुख को दोहराया। पीएम मोदी ने स्पष्ट संदेश दिया कि भारत न केवल आतंकवाद को हराने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि उसे पोषित करने वाले पूरे तंत्र को नष्ट करने के अपने संकल्प पर आज भी अडिग है। पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में सैन्य और आतंकी ढांचे के खिलाफ सैन्य अभियान के एक



वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री ने कहा कि एक साल बाद भी भारत आतंकवाद को हराने और उसे पोषित करने वाले तंत्र को नष्ट करने के अपने संकल्प में पहले की तरह ही अडिग है। पीएम मोदी ने कहा कि एक साल पहले भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बेजोड़ साहस, सटीकता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया था। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने पहलगाम में निर्दोष भारतीयों पर हमला करने की हिमाकत करने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया और पूरा देश भारतीय बलों के शौर्य को सलाम करता है। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसने हमारे सशस्त्र बलों के पेशेवर रवैये, तैयारी और समन्वित शक्ति को उजागर किया।" पीएम मोदी ने कहा कि साथ ही इस अभियान ने भारतीय सुरक्षा बलों के बीच बढ़ती एकजुटता को प्रदर्शित किया और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए किए गए प्रयासों से देश की राष्ट्रीय सुरक्षा को मिली मजबूती को रेखांकित किया। ऑपरेशन सिंदूर को तीनों रक्षा बलों द्वारा सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ पश्चिमी सीमा पर सात से 10 मई, 2025 तक पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाते हुए अंजाम दिया गया था।

# बिहार राजनीति का नया अध्याय: नीतीश के बेटे निशांत बने मंत्री

## सम्राट चौधरी की टीम में 32 नए चेहरे शामिल

पटना। बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, नीतीश कुमार, राजनाथ सिंह, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और अन्य नेताओं की उपस्थिति में हुआ। मंत्रिमंडल विस्तार महत्वपूर्ण है, क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली




सरकार में शामिल हुए। सबसे पहले श्रवण कुमार, विजय कुमार सिन्हा, दिलीप कुमार जयसवाल, निशांत कुमार और लेशी सिंह ने बिहार में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में मंत्री पद की शपथ ली। पांच–पांच विधायकों ने एक साथ मंत्रीपद की शपथ ली है। दूसरी बार में राम कृपाल यादव, नीतीश मिश्रा, दामोदर रावत, संजय सिंह श्टाइगरश और अशोक चौधरी ने पटना में प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अन्य नेताओं की उपस्थिति में बिहार के मंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद भगवान सिंह कुशवाहा, अरुण शंकर प्रसाद, मदन सहनी, डॉ. संतोष कुमार सुमन और रमा निषाद ने पटना में बिहार मंत्री के रूप में शपथ ली। रत्नेश सादा, कुमार शैलेन्द्र, शीला कुमारी, केदार प्रसाद गुप्ता और लखेन्द्र कुमार रौशन ने बिहार के मंत्री पद की शपथ ली।

# पश्चिम बंगाल: राज्यपाल आरएन रवि ने ममता मंत्रिमंडल किया भंग

## नई बीजेपी सरकार के गठन का रास्ता साफ

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा का कार्यकाल खत्म होते ही राज्यपाल ने पूरी कैबिनेट को भंग कर दिया और इसके साथ ही ममता बनर्जी अब मुख्यमंत्री नहीं रहीं।

गुरुवार, 7 मई को राज्यपाल आर.एन. रवि ने राज्य विधानसभा को भंग करने का आधिकारिक आदेश जारी कर दिया। कोलकाता गजट में प्रकाशित इस नोटिफिकेशन के बाद ममता बनर्जी की सरकार संवैधानिक रूप से खत्म हो गई।

अनुच्छेद 174 और 172 का मेलरू क्या हैं इसके मायने?

राज्यपाल द्वारा जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि संविधान के अनुच्छेद 174 की धारा (2) के उप–खंड (बी) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सात मई, 2026 से विधानसभा को भंग किया जाता है।



संवैधानिक विशेषज्ञों के अनुसार, अनुच्छेद 172 के तहत किसी भी विधानसभा का कार्यकाल उसकी पहली बैठक से अधिकतम पांच वर्ष का होता है। 17 वीं बंगाल विधानसभा की मियाद सात मई की आधी रात को स्वतरू समाप्त हो रही थी।

राज्यपाल ने किया विवेकाधीन शक्तियों का प्रयोग

सामान्य परिस्थितियों में मुख्यमंत्री हार के बाद इस्तीफा देते हैं और नई सरकार के गठन तक श्केयरटेकरश (कार्यवाहक) के रूप में कार्य करते हैं। परंतु, ममता बनर्जी के इस्तीफे न देने के अडिग फैसले ने राज्य को एक जटिल मोड़ पर खड़ा कर दिया था।

ऐसे में राज्यपाल ने अपनी विवेकाधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए सदन को भंग कर दिया, जिससे अब ममता बनर्जी तकनीकी रूप से मुख्यमंत्री पद पर बने रहने का नैतिक और कानूनी आधार खो चुकी हैं।

## 1993 मुंबई ब्लास्ट के पांच आरोपियों को मिली 7–7 साल की सजा, दाऊद के संपर्क में था कादिर

बिजनौर। मुंबई में 1993 में हुए बम धमाकों से बिजनौर का नाम भी जुड़ा था। नजीबाबाद के गांव कल्हाड़ी का कादिर और गांव खाईखेड़ी का इफ्तकार का नाम सामने आया था। दोनों से विभिन्न जांच एजेंसियों ने पूछताछ की थी और 2017 में भी गुजरात की एटीएम भी आरोपितों को अपने साथ ले गई थी। जांच में सामने आया कि गुजरात के जामनगर से विस्फोटक मुंबई पहुंचाने में मदद की गई थी। अब जामनगर की स्पेशल डाटा कोर्ट ने प्रकरण में फैसला सुनाया और कादिर सहित पांच को सात–सात साल की सजा सुनाई। कादिर की दाऊद इब्राहिम का करीबी था।

## सरकार बनाने के लिए विजय का नया प्लान: इस पार्टी से मांगा समर्थन, रिसॉर्ट में शिफ्ट हो रहे विधायक

नई दिल्ली। तमिलनाडु में सरकार गठन को लेकर सियासी



हलचल तेज हो गई है। अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम (ज्टझ) ने अब एक और विधायक का समर्थन हासिल करने की कोशिश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक टीवीके ने टीटीवी दिनाकरन की पार्टी अम्मा मक्कल मुनेत्र कड़गम (एएमएमके) के इकलौते विजयी विधायक कमराज एस से संपर्क किया है।

टीवीके की यह कोशिश ऐसे समय में सामने आई है जब सरकार गठन को लेकर राज्यपाल आरवी अर्लेकर और पार्टी के बीच गतिरोध बना हुआ है। सूत्रों के मुताबिक राज्यपाल अभी इस बात से आश्वस्त नहीं हैं कि टीवीके पर्याप्त बहुमत के बिना स्थिर सरकार चला पाएगी। हालांकि पार्टी नेताओं का दावा है कि उन्हें जल्द जरूरी समर्थन मिल जाएगा।

## बीजेपी शपथ ग्रहण से पहले कोलकाता में हाई अलर्ट, ब्रिगेड परेड ग्राउंड में 4000 पुलिसकर्मियों का पहरा

पश्चिम बंगाल की पहली भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के लिए



कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में लगभग 4,000 पुलिसकर्मियों सहित बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस बात की जानकारी दी। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने की संभावना है। राज्य पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा के लिए 900 एकड़ से अधिक के इस मैदान को लगभग 30 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। उन्होंने बताया कि ब्रिगेड परेड ग्राउंड और आसपास के इलाकों में लगभग 4,000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा और प्रत्येक 30 सेक्टर की निगरानी उपायुक्त या सहायक आयुक्त रैंक के एक पुलिस अधिकारी द्वारा की जाएगी।

## केरलम में कांग्रेस का सीएम कौन? राहुल गांधी के करीबी वेणुगोपाल या दिग्गज चेन्निथला, सस्पेंस जारी

केरलम में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के 10 साल के शासन के बाद संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की सत्ता में वापसी के कुछ दिनों बाद भी, कांग्रेस नेतृत्व ने अभी तक राज्य के अगले मुख्यमंत्री की घोषणा नहीं की है। हालांकि, सूत्रों ने



गुरुवार को बताया कि मुख्यमंत्री पद के लिए दो वरिष्ठ नेताओं के नाम तय कर लिए गए हैं। इन दो नामों में से एक नाम अलाप्पुझा से लोकसभा सांसद केसी वेणुगोपाल का है, जो कांग्रेस के महासचिव भी हैं। वेणुगोपाल नायर समुदाय से हैं और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के भरोसेमंद सहयोगी माने जाते हैं। 63 वर्षीय वेणुगोपाल ने कांग्रेस के संगठनात्मक ढांचे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसलिए, सूत्रों के अनुसार, उन्हें अगला मुख्यमंत्री बनाया जाएगा या नहीं, यह गांधी पर निर्भर करेगा। रमेश चेन्निथला भी अगले मुख्यमंत्री बनने के संभावित दावेदारों में से एक हैं। वेणुगोपाल की तरह चेन्निथला भी नायर समुदाय से आते हैं। अपने राजनीतिक जीवन में चेन्निथला केरल के गृह मंत्री और विपक्ष के नेता रह चुके हैं। इसके अलावा, वे कांग्रेस की केरल इकाई के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस के महाराष्ट्र प्रभारी चेन्निथला को एक कुशल संगठनवादी माना जाता है। इसलिए, यह देखना दिलचस्प होगा कि चार बार सांसद रह चुके चेन्निथला को केरल का अगला मुख्यमंत्री बनाया जाता है या नहीं। कांग्रेस द्वारा रविवार तक अगले मुख्यमंत्री के संबंध में निर्णय लिए जाने की संभावना है, क्योंकि पार्टी के नेता और विधायक एआईसीसी पर्यवेक्षकों को अपने विचार बता चुके हैं। वट्टियूरकावु से विजयी वरिष्ठ नेता के. मुरलीधरन ने गुरुवार को पत्रकारों से कहा कि मैंने अपनी राय दे दी है।

## असम का अगला सीएम कौन? पीएम मोदी की मौजूदगी में 12 मई को शपथ, गुवाहाटी में भव्य तैयारी

असम के मुख्य सचिव रवि कोटा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी दौरे की तैयारियों का जायजा लेने के लिए असम के पुलिस महानिदेशक के साथ एक विस्तृत समीक्षा बैठक बुलाई। प्रधानमंत्री मोदी नव निर्वाचित मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में




शामिल होने के लिए असम आ रहे हैं। यह समारोह 12 मई को गुवाहाटी के खानापारा स्थित पशु चिकित्सा महाविद्यालय मैदान में आयोजित किया जाएगा। ग पर जारी एक बयान में मुख्य सचिव ने कहा कि यह समारोह 12 मई को खानपारा स्थित पशु चिकित्सा क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा और इसमें कई राज्यों के माननीय मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और उद्योग जगत के विशिष्ट प्रतिनिधि शामिल होंगे। उन्होंने आगे कहा कि सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, आयोजन स्थल की तैयारियों, प्रोटोकॉल और अंतर–विभागीय समन्वय से संबंधित व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। सुचारू संचालन, निर्धारित प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन और सभी हितधारकों के बीच घनिष्ठ समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया गया। सभी संबंधित विभागों को उच्चतम स्तर की तैयारी बनाए रखने का निर्देश दिया गया है ताकि समारोह सुचारू रूप से, सुरक्षित रूप से और इस अवसर की महत्ता के अनुरूप संपन्न हो सके। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता दिलीप सैकिया ने एएनआई को बताया कि पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, असम में भाजपा विधायक दल के नेता के चुनाव की निगरानी के लिए 9 मई को गुवाहाटी पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि 10 मई को गुवाहाटी में भाजपा विधायक दल की बैठक होगी। इसके बाद एनडीए की बैठक होगी जिसमें केंद्रीय पर्यवेक्षक मौजूद रहेंगे। इससे पहले, असम के कार्यवाहक मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने इस्तीफा दे दिया था, जिससे पार्टी को मिले निर्णायक चुनावी जनादेश के बाद नए मंत्रिमंडल के गठन का मार्ग प्रशस्त हुआ।

## अश्रपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ: अमित शाह ने किया सेना के शौर्य को सैल्यूट, बोले– दुश्मन कहीं भी छिप जाएं, बच नहीं सकते

नई दिल्ली ,07 मई ,(आरएनएस)। पूरा हिंदुस्तान ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ मना रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय सेना के शौर्य को सैल्यूट किया है। उन्होंने कहा कि दुश्मनों को हमारे सशस्त्र बलों की अचूक प्रहार क्षमता की याद दिलाता रहेगा। गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ऑपरेशन सिंदूर भारत का एक ऐतिहासिक अभियान है, जो हमेशा हमारे दुश्मनों को हमारे सशस्त्र बलों की अचूक प्रहार क्षमता की याद दिलाता रहेगा। उन्होंने कहा, इतिहास इस दिन को हमारी सशस्त्र सेनाओं की सटीक मारक क्षमता, हमारी एजेंसियों की पैनी खुफिया जानकारी और दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति के उस दिन के रूप में याद रखेगा, जब ये सभी एकजुट होकर सीमा पार मौजूद आतंकवाद के हर उस ठिकाने को नेस्तनाबूद करने के लिए उठ खड़े हुए थे, जिसने पहलगाम में हमारे नागरिकों पर अपनी काली छाया डालने का दुस्साहस किया था। अमित शाह ने कहा कि यह दिन हमारे दुश्मनों के लिए यह भयावह संदेश लेकर आता रहेगा कि वे कहीं भी छिप जाएं, वे बच नहीं सकते। वे हर पल हमारी नजरों में और हमारी प्रचंड मारक शक्ति के निशाने पर हैं। शाह ने आखिर में लिखा, इस दिन मैं हमारे बलों के अद्वितीय शौर्य को सैल्यूट करता हूं।

# ऑपरेशन सिंदूर अंत नहीं, शुरुआत थी

## पूर्व डीजीएमओ राजीव घई का पाकिस्तान को कड़ा संदेश

पूर्व सैन्य अभियान महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर इसे भारत की रणनीतिक यात्रा का एक निर्णायक क्षण बताया है। 7 मई, 2025 को पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था, जिसमें 26 लोगों की जान गई थी। इस ऑपरेशन ने आतंकवाद विरोधी भारत के दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण बदलाव लाया, जिससे सैन्य कार्रवाई को पिछली सीमाओं से आगे बढ़ाकर नियंत्रण रेखा और पाकिस्तान के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार आतंकवाद को निशाना बनाया गया। जयपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, लेफ्टिनेंट जनरल घई, जो ऑपरेशन के दौरान डीजीएमओ के पद पर थे, ने




कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को हुए आज एक साल हो गया है, और तत्कालीन डीजीएमओ के रूप में, मैं इसे न केवल एक सैन्य अभियान बल्कि संभवतः भारत की रणनीतिक यात्रा का एक निर्णायक क्षण मानता हूं। ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने बहुत सचेत और सुसंगत रूप से अपने पूर्ववर्ती दृष्टिकोणों और तरीकों से आगे बढ़कर नियंत्रण रेखा और पाकिस्तान के साथ हमारी अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार आतंकवाद को निशाना बनाया। उन्होंने आगे कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की आतंकवाद के खिलाफ चल रही लड़ाई का अंत नहीं, बल्कि सिर्फ शुरुआत थी। उन्होंने कहा कि सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं। मेरी कोशिश है कि यह सूरत बदलनी चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर अंत नहीं था। यह तो सिर्फ शुरुआत थी। आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई जारी रहेगी। एक साल बाद, हम न सिर्फ ऑपरेशन को याद करते हैं, बल्कि इसके पीछे के सिद्धांत को भी याद करते हैं। भारत अपनी संप्रभुता, अपनी सुरक्षा और अपने लोगों की रक्षा दृढ़ता से, पेशेवर तरीके से और पूरी जिम्मेदारी के साथ करेगा। लेफ्टिनेंट जनरल घई ने सरकार द्वारा निर्धारित स्पष्ट राजनीतिक और सैन्य उद्देश्यों के साथ–साथ इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सशस्त्र बलों को दी गई पूर्ण परिचालन स्वतंत्रता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सटीकता, अनुपात और उद्देश्य की स्पष्टता के साथ, यह एक राष्ट्र द्वारा संकल्प, जिम्मेदारी और रणनीतिक संयम का प्रतीक था। शुरुआत से ही, सरकार ने हमें दो स्पष्ट निर्देश दिएरू स्पष्ट राजनीतिक–सैन्य उद्देश्य और इन्हें प्राप्त करने के लिए परिचालन स्वतंत्रता।

## बाइकों की भिड़ंत में दो की मौत, एक गंभीर घायल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर।बांसी कोतवाली क्षेत्र में देर रात हुए सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा बांसी पॉवर हाउस के पास उस समय हुआ जब दो बाइकों की आमने–सामने टक्कर हो गई।जानकारी के अनुसार, तारा गुजरौलिया गांव निवासी 60 वर्षीय बम बहादुर और 24 वर्षीय आकाश उर्फ काजू बांसी–बस्ती मार्ग स्थित बाजारडीह गांव में बरात में गए थे। देर रात दोनों बाइक से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान बांसी पॉवर हाउस के पास सामने से आ रही अवधेश कुमार त्रिपाठी की बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई।हादसे में बम बहादुर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल आकाश और अवधेश को स्थानीय लोगों की मदद से बांसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने आकाश को मृत घोषित कर दिया। अवधेश कुमार त्रिपाठी की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां उनका इलाज जारी है।इस संबंध में बांसी कोतवाल मृत्युंजय पाठक ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

भारतभारी। डुमरियागंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत भारतभारी स्थित मोतीगंज चौराहे पर मंगलवार रात दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा ट्रक की टक्कर से हुआ, जिसमें 19 वर्षीय गणेश की मौके पर ही जान चली गई।जानकारी के अनुसार, बस्ती जनपद के सोनहा थाना क्षेत्र के परसोहिया गांव निवासी गणेश पुत्र दिलीप कुमार मोतीगंज से अपने गांव लौट रहा था। वह मोतीगंज पुलिस चौकी के पास पहुंचा ही था कि एक अनियंत्रित ट्रक ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गणेश की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक गणेश अपने परिवार का सबसे छोटा पुत्र था। उसके पिता दिलीप कुमार परसोहिया चौराहे पर होटल चलाते हैं, जबकि गणेश आरओ प्लांट का संचालन करता था।इस संबंध में डुमरियागंज थाना के अपराध निरीक्षक सत्यदेव प्रसाद ने बताया कि मृतक के चाचा मनोज गौड़ की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पेट्रोल–डीजल संकट गहराया, जिले के कई पेट्रोल पंप ड्राई

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। पेट्रोल–डीजल का संकट लगातार गहराता जा रहा है। डिपो से समय पर आपूर्ति नहीं होने के कारण जिले के कई पेट्रोल पंप ड्राई हो गए हैं, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शादी–विवाह के सीजन में स्थिति और भी गंभीर हो गई है।शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक पेट्रोल और डीजल के लिए मारामारी मची हुई है। कई पंपों पर कई दिनों से तेल के टैंकर नहीं पहुंचे हैं, जिसके चलते लोग निराश होकर लौटने को मजबूर हैं। बुधवार को जिले के करीब 35 पेट्रोल पंप ड्राई बताए गए।डुमरियागंज क्षेत्र के पेट्रोल पंप संचालक जेपी मिश्र ने बताया कि पिछले तीन दिनों से उनके पंप पर तेल नहीं आया है, जिससे पंप बंद पड़ा हुआ है। वहीं शहर के सनई स्थित पंप संचालक गोविंद माधव ने कहा कि नियमित सप्लाई नहीं होने से संकट लगातार बना हुआ है। उन्होंने बताया कि जैसे ही तेल पहुंचेगा, पंपों पर लंबी कतारें लग जाएंगी।इस संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि डिपो से अल्टरनेट टैंकर भेजे जा रहे हैं, जिससे आपूर्ति प्रभावित हो रही है। कंपनियों से लगातार संपर्क कर सप्लाई व्यवस्था को सामान्य करने का प्रयास किया जा रहा है।

# चौधरी बृजेश पटेल ने अभद्र टिप्पणी मामले में की कार्रवाई की मांग, आरोपी पर दर्ज हुआ मुकदमा

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। सोशल मीडिया पर वर्तमान सांसद राम प्रसाद चौधरी और विधायक कविंद्र चौधरी के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले में चौधरी बृजेश पटेल ने कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा। बताया जा रहा है कि रोशन यादव नामक व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सांसद राम प्रसाद चौधरी और विधायक कविंद्र चौधरी के खिलाफ आपत्तिजनक एवं अभद्र टिप्पणियां की गई थीं। मामले की जानकारी होने पर लोगों में नाराजगी देखने को मिली।चौधरी बृजेश पटेल ने अपने पत्र में कहा कि सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर जनप्रतिनिधियों की छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की कि आरोपी के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई इस प्रकार की हरकत करने का साहस न कर सके। कोतवाली पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी



रोशन यादव के खिलाफ मुकदमा पंजी.त कर लिया है। चौधरी बृजेश पटेल और विनय चौधरी ने पुलिस की कार्रवाई पर संतोष जताते हुए कहा कि आरोपी पर जल्द से जल्द उचित और कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। पत्र देने के दौरान चौधरी बृजेश पटेल के साथ सरदार सेना के जिला अध्यक्ष विनय चौधरी भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने कहा कि समाज में सौहार्द बिगाड़ने और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने वालों के खिलाफ प्रशासन को सख्त रुख अपनाना चाहिए।

# बसपा नेता सचिन श्रीवास्तव ने तेज किया जनसंपर्क अभियान, बोले– "सुशासन और सर्वसमाज की पार्टी है बसपा"

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। बहुजन समाज पार्टी के युवा नेता सचिन श्रीवास्तव ने 310 विधानसभा क्षेत्र में अपना जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में उन्होंने अरईल, दीगर पट्टी, दरियाखा, गांधीनगर, पिकौरा दत्तू राय, बरवा, बैरिहवा तथा जयपुरवा गांवों का दौरा कर लोगों से मुलाकात की और बसपा की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने का कार्य किया। जनसंपर्क अभियान के दौरान सचिन श्रीवास्तव ने ग्रामीणों से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि बहुजन समाज पार्टी हमेशा से सर्वसमाज को साथ लेकर चलने वाली पार्टी रही है। बसपा ने अपने शासनकाल में कानून व्यवस्था, विकास और सामाजिक सम्मान को प्राथमिकता दी थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सुशासन स्थापित करने का कार्य केवल बसपा ही कर सकती है क्योंकि पार्टी की नीतियां गरीब, किसान, मजदूर, नौजवान और वंचित वर्ग के हितों पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि आज जनता महंगाई, बेरोजगारी और विभिन्न समस्याओं से परेशान है। ऐसे समय में बसपा ही एक ऐसा राजनीतिक विकल्प है जो बिना भेदभाव के समाज के हर वर्ग के लिए काम करने की सोच रखती है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आने वाले समय में बसपा को मजबूत बनाएं ताकि क्षेत्र और प्रदेश के विकास को नई दिशा मिल सके।



सचिन श्रीवास्तव ने कहा कि जनता का सहयोग और समर्थन उनके लिए सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा और लोगों की आवाज बनने का कार्य निरंतर किया जाएगा। गांवों एवं मोहल्लों में पहुंचे बसपा नेता का स्थानीय लोगों ने स्वागत किया और विभिन्न समस्याओं से भी अवगत कराया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा कार्यकर्ता और बसपा समर्थक मौजूद रहे।

## अनियंत्रित होकर पिकअप पलटी




दैनिक बुद्ध का संदेश

लोटन। कोतवाली लोटन क्षेत्र के सिंगरहा गांव के पास दक्षिण दिशा मे कोलहुआ से लोटन आ रही गेहू लाद कर पिकप पहिया निकलने से लोटन सोहास मार्ग परसुबह 3.00 बजे के आसपास एक पिकअप पलट गया ग्रमीणो ने बताया अचानक पिछला पहिया निकल गया। अनियंत्रित होकर पिकअप सड़क के किनारे लगे बिजली के खंभे में टक्कर मार दिया। टक्कर इतना जोरदार था कि खंभा टूट गया।गनीमत रही कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

## बस चालक से दुर्व्यवहार पर आरक्षी निलंबित, विभागीय जांच शुरू

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। प्राइवेट बस चालक के साथ दुर्व्यवहार के मामले में पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने बांसी थाने में तैनात आरक्षी सूरज सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही पूरे प्रकरण की विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है।जानकारी के अनुसार, थाना बांसी में तैनात आरक्षी सूरज सिंह पर एक प्राइवेट बस चालक को थाने बुलाकर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगा था। मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरक्षी को निलंबित कर दिया। पुलिस विभाग द्वारा मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**कार्यालय : ग्राम पंचायत- कड़जहवां, वि.ख.- जोगिया, जनपद- सिद्धार्थनगर**

**निविदा/आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत– **कड़जहवां** विकसित भारत गारन्टी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) VB-G RAM G/पंचम वित्त/सष्ठम वित्त/15 वां/16 वां वित्त/स्वच्छ भारत निशन/केन्द्रीय वित्त आयोग विधायक निधि/सांसद निधि/आगनबाड़ी/सामुदायिक शौचालय/प्राथमिक विद्यालय पर शौचालय/पंचायत भवन/अन्त्योष्टि स्थल विकास निर्माण कार्य/छठ पूजा घाट/खेल मैदान/वाटर सप्लाई एवं अन्य निधि के अनतर्गत वर्ष 2026–27 में स्वीकृत कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट इन्टरलाकिंग, ईट, ईट टुकड़ा, महीन बालू, सिमेंट, मोरंग, बालू व वर्मी कम्पोस्ट एवं हयूम पाईप सरिया, पेन्ट, वांयरिंग, पत्थर गिटी, सोलर लाईट स्ट्रीट लाईट ठेला कुदाल झाडू ब्लीचिंग पाउडर चूना कूड़ादान फांगिग मशीन झाड़ी झंखाड़ कटाई/नाली सफाई एवं कूड़ा निस्तारण कार्य एस०एल०डब्लू०एम०/ई०बी०आर० के तहत प्लास्टिक बैग, गणक स्थायी कचरा समाग्री इण्डिया मार्का–2 हैण्ड पम्प रिबोर/मरम्मत ईट की गिट्टी इत्यादि सामाग्री से सम्बन्धित आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म ईट भटठा मालिक/आपूर्ति कर्ता दिनांक 16/05/2026 को 12 बजे तक आपूर्ति हेतू निविदा दर पर एवं वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत **कड़जहवां** के निविदा बाक्स में डाल सकते है। निविदा दिनांक 16/05/2026 को अपराहन 02 बजे तक गठित कमेटी के समक्ष खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताए पूर्ण की जायेगी। धरोहर की धन राशि 2000 रु० होगी। **नियम व शर्त** :– 1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगॉ उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा। 2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा। 3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा। 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी। 5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़घ्कर प्रस्तुत की जाये। 6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी। 7. सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा। 8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।,निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 10.स्वीकृति आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **कड़जहवां** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। 13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **कड़जहवां** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/– रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।

**इन्द्रावती देवी**
**ग्राम प्रधान/अध्यक्ष**
**ग्राम पंचायत–कड़जहवां**
**वि.ख. - जोगिया**

**परमात्मा यादव**
**ग्राम विकास अधिकारी/सचिव**
**ग्राम पंचायत–कड़जहवां**
**वि.ख. - जोगिया**

**कार्यालय : ग्राम पंचायत- मझवन, वि.ख.- जोगिया, जनपद- सिद्धार्थनगर**

**निविदा/आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत– **मझवन** विकसित भारत गारन्टी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) VB-G RAM G/पंचम वित्त/सष्ठम वित्त/15 वां/16 वां वित्त/स्वच्छ भारत निशन/केन्द्रीय वित्त आयोग विधायक निधि/सांसद निधि/आगनबाड़ी/सामुदायिक शौचालय/प्राथमिक विद्यालय पर शौचालय/पंचायत भवन/अन्त्योष्टि स्थल विकास निर्माण कार्य/छठ पूजा घाट/खेल मैदान/वाटर सप्लाई एवं अन्य निधि के अनतर्गत वर्ष 2026–27 में स्वीकृत कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट इन्टरलाकिंग, ईट, ईट टुकड़ा, महीन बालू, सिमेंट, मोरंग, बालू व वर्मी कम्पोस्ट एवं हयूम पाईप सरिया, पेन्ट, वांयरिंग, पत्थर गिटी, सोलर लाईट स्ट्रीट लाईट ठेला कुदाल झाडू ब्लीचिंग पाउडर चूना कूड़ादान फांगिग मशीन झाड़ी झंखाड़ कटाई/नाली सफाई एवं कूड़ा निस्तारण कार्य एस०एल०डब्लू०एम०/ई०बी०आर० के तहत प्लास्टिक बैग, गणक स्थायी कचरा समाग्री इण्डिया मार्का–2 हैण्ड पम्प रिबोर/मरम्मत ईट की गिट्टी इत्यादि सामाग्री से सम्बन्धित आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म ईट भटठा मालिक/आपूर्ति कर्ता दिनांक 15/05/2026 को 12 बजे तक आपूर्ति हेतू निविदा दर पर एवं वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत **मझवन** के निविदा बाक्स में डाल सकते है। निविदा दिनांक 15/05/2026 को अपराहन 02 बजे तक गठित कमेटी के समक्ष खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताए पूर्ण की जायेगी। धरोहर की धन राशि 2000 रु० होगी। **नियम व शर्त** :– 1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगॉ उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा। 2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा। 3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा। 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी। 5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़घ्कर प्रस्तुत की जाये। 6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी। 7. सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा। 8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।,निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 10.स्वीकृति आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **मझवन** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। 13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **मझवन** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/– रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।

**श्रीमती अनीसा**
**ग्राम प्रधान/अध्यक्ष**
**ग्राम पंचायत–मझवन**
**वि.ख. - जोगिया**

**परमात्मा यादव**
**ग्राम विकास अधिकारी/सचिव**
**ग्राम पंचायत–मझवन**
**वि.ख. - जोगिया**

## बारात निकलने से पहले दूल्हा फरार, परिजनों में मचा हड़कंप

दैनिक बुद्ध का संदेश

इटवा। क्षेत्र के रानीजोत बेलवटिया गांव में शादी की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब बारात निकलने से ठीक पहले दूल्हा घर छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद दोनों परिवारों में हड़कंप मच गया।जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बैदौलीपुर के राजस्व ग्राम रानीजोत बेलवटिया निवासी युवक की शादी इटवा थाना क्षेत्र के मेहदिया गांव में तय हुई थी। शनिवार रात बारात जानी थी और दोनों परिवार शादी की तैयारियों में जुटे थे।बताया जा रहा है कि बारात निकलने से पहले युवक ने अपने चचेरे भाई को मोबाइल पर संदेश भेजकर घर छोड़ने की जानकारी दी और फिर कहीं चला गया। इसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी, लेकिन देर रात तक उसका कोई पता नहीं चल सका।घटना के बाद लड़की पक्ष और लड़के पक्ष दोनों परिवारों में मायूसी छा गई। वहीं गांव में पूरे मामले को लेकर तरह–तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

## पेड़ से बांधकर दो युवकों की पिटाई का वीडियो वायरल, जांच में जुटी पुलिस

दैनिक बुद्ध का संदेश

भनवापुर। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के सरोथर कठौतिया गांव में दो युवकों को पेड़ से बांधकर पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में कुछ लोग युवकों की डंडों से पिटाई करते दिखाई दे रहे हैं, जबकि मौके पर तमाशबीनों की भीड़ भी मौजूद है।बताया जा रहा है कि गांव में बारात के दौरान हुई कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया था। आरोप है कि इसी विवाद को लेकर अगले दिन दोनों युवकों को पेड़ से बांधकर मारपीट की गई।पीड़ित युवक की पत्नी ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं वायरल वीडियो को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है।थानाध्यक्ष चंद्रकांत पांडेय ने बताया कि दोनों पक्षों को थाने बुलाकर पूछताछ की जा रही है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## नेपाल बॉर्डर पर अब नहीं लगेगी लंबी कतार, क्यूआर कोड दिखाकर होगी एंट्री

दैनिक बुद्ध का संदेश

खुनुवा/सिद्धार्थनगर। नेपाल आने–जाने वाले यात्रियों को अब बॉर्डर पर लंबी कतार और कागजी प्रक्रिया से राहत मिलने वाली है। नेपाल सरकार ने नई डिजिटल व्यवस्था लागू करते हुए ऑनलाइन टीएमडी प्रणाली शुरू कर दी है, जिसके तहत अब क्यूआर कोड स्कैन कर बॉर्डर पार किया जा सकेगा।अब तक यात्रियों को बॉर्डर पर वाहन पंजीकरण, यात्रा विवरण, शुल्क जमा और परमिट लेने में काफी समय लगता था। कई बार 1 से 2 घंटे तक लाइन में खड़े रहना पड़ता था। नई व्यवस्था लागू होने के बाद यात्री घर बैठे ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे और क्यूआर कोड डाउनलोड कर बॉर्डर पर दिखाकर आसानी से प्रवेश पा सकेंगे।कस्टम विभाग के अनुसार यात्रियों को वेबसाइट पर जाकर वाहन और यात्रा संबंधी जानकारी भरनी होगी। शुल्क जमा होने के बाद क्यूआर कोड जारी किया जाएगा, जिसे नेपाल में संचालित किया जा सकेगा।नई व्यवस्था से बॉर्डर पर ट्रैफिक जाम कम होने, कागजी कार्यवाही घटने और होटल, टैक्सी व ट्रैवल कारोबार को भी फायदा मिलने की उम्मीद है। अधिकारियों का कहना है कि इससे यात्रा प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और तेज होगी।

## नहाते समय घर में उतरा करंट, युवक की मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़। थाना क्षेत्र के जिगहिरिया गांव में गुरुवार सुबह घर में करंट उतरने से एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।जानकारी के अनुसार जिगहिरिया गांव निवासी रामधनी मौर्य (40) सुबह घर में नहा रहे थे। बताया जा रहा है कि इसी दौरान घर में लगे लोहे के चौनल में करंट उतर आया, जिसकी चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गए।परिजन उन्हें तत्काल इलाज के लिए सीएचसी शोहरतगढ़ ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## शोहरतगढ़ में सघन वाहन चेकिंग अभियान, 30 वाहनों का चालान




दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से गुरुवार को शोहरतगढ़ पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाकर नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। एनएच–730 स्थित शोहरतगढ़–खुनुवा बाईपास मार्ग मोड़ पर कस्बा प्रभारी संतोष यादव की अगुवाई में अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने, तीन सवारी बैठाकर बाइक चलाने, बिना नंबर प्लेट एवं आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में चल रहे वाहनों की जांच की गई। चार पहिया वाहनों की भी गहन चेकिंग की गई। पुलिस ने अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 30 वाहनों का चालान करते हुए लगभग 35 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों का पालन कराना प्राथमिकता है और आगे भी इस तरह के अभियान लगातार चलाए जाएंगे। अभियान के दौरान निरीक्षक सुभाष यादव, उपनिरीक्षक संतोष यादव, उपनिरीक्षक रामबदन यादव, उपनिरीक्षक दिनेश कुमार, उपनिरीक्षक राजकुमार यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## आगामी त्योहारों को लेकर शोहरतगढ़ पुलिस ने किया पैदल गश्त



दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को शोहरतगढ़ पुलिस ने कस्बे में पैदल गश्त किया। क्राइम इंस्पेक्टर सुभाष यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कस्बा क्षेत्र, चेतिया मोड़, खुनुवा बाईपास रोड सहित विभिन्न प्रमुख मार्गों पर पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए लोगों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील भी की। पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र की स्थिति का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। साथ ही नियमित रूप से गश्त जारी रखने के निर्देश भी दिए गए, ताकि त्योहारों के दौरान कानून–व्यवस्था बनी रहे और आमजन खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है।

# पशुधन प्रसार अधिकारी संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन संपन्न, अरुण कुमार प्रजापति लगातार छठवीं बार अध्यक्ष निर्वाचित

दैनिक बुद्ध का संदेश








सिद्धार्थनगर। पशुधन प्रसार अधिकारी संघ जनपद सिद्धार्थनगर का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव कार्यक्रम बुधवार को पशु चिकित्सालय नौगढ़ सदर परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अरुण कुमार प्रजापति एवं संचालन जिला मंत्री अवनीश त्रिपाठी ने किया। चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने हेतु मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी की ओर से पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार को चुनाव अधिकारी तथा उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी नौगढ़ सदर डॉ. राज बहादुर यादव को पर्यवेक्षक नामित किया गया था। कार्यक्रम में दोनों अधिकारियों का पुष्पगुच्छ, माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। अधिवेशन के दौरान पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू की गई। चुनाव अधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार ने सभी पदों की घोषणा करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ कराई। निर्वाचन में अरुण कुमार प्रजापति को लगातार छठवीं बार निर्विरोध जिला अध्यक्ष चुना गया। वहीं अवनीश त्रिपाठी मंत्री, अरुण कुमार उपाध्यक्ष, अश्वनी मिश्रा संयुक्त मंत्री, अरविंद चौधरी कोषाध्यक्ष तथा अमित यादव ऑडिटर पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। संगठन विस्तार के तहत रमेश चंद, राजेश कुमार एवं देवेंद्र प्रताप को संरक्षक तथा अरुण कुमार पांडे को संगठन मंत्री नामित किया गया। कार्यक्रम में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद सिद्धार्थनगर के अध्यक्ष अनिल सिंह एवं कोषाध्यक्ष महेश्वर पांडेय भी मौजूद रहे। संगठन की ओर से दोनों अतिथियों का सम्मान किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरुण कुमार प्रजापति ने सभी सदस्यों का आभार जताते हुए कहा कि साथियों द्वारा दिए गए समर्थन का ऋण वह हमेशा याद रखेंगे और कर्मचारियों की आवाज मजबूती से उठाते रहेंगे। वहीं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि पशुधन प्रसार अधिकारी संघ परिषद का महत्वपूर्ण घटक संगठन है और उसकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। अधिवेशन में बृज किशोर गुप्ता, शशांक प्रभाकर चौधरी, अनिल साहनी, शैलेंद्र यादव, शैलेंद्र द्विवेदी, अखिलेश साहनी, जयराम यादव समेत जनपद के कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डिजिटल जनगणना अभियान से जुड़े सांसद जगदंबिका पाल, स्वयं किया ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

दैनिक बुद्ध का संदेश



सिद्धार्थनगर। देश में प्रस्तावित 16वीं जनगणना को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। पहली बार पूरी जनगणना प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से कराई जाएगी। इसी क्रम में सिद्धार्थनगर मुख्यालय स्थित डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल के आवास एवं कार्यालय पर स्वयं जनगणना जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सांसद जगदंबिका पाल ने अपने परिवार का पूरा विवरण ऑनलाइन दर्ज कर जनगणना आईडी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि डिजिटल जनगणना से प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सरल और तेज होगी। सांसद ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि लोग अपने मोबाइल फोन के माध्यम से स्वयं रजिस्ट्रेशन कर जनगणना अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने बताया कि डिजिटल व्यवस्था से लोगों को घर बैठे सुविधाजनक तरीके से अपनी जानकारी दर्ज कराने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी लोगों को जनगणना की ऑनलाइन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए जागरूक किया।

# सिद्धार्थनगर पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल, कई थाना प्रभारियों के तबादले

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जनपद की कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने कई निरीक्षकों एवं उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। गुरुवार को जारी आदेश के तहत कई थाना प्रभारियों का तबादला करते हुए नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जारी सूची के अनुसार हरेकृष्ण उपाध्याय को थाना उसका बाजार से हटाकर प्रभारी निरीक्षक त्रिलोकपुर बनाया गया है। वहीं संतोष कुमार तिवारी को थाना कपिलवस्तु से स्थानांतरित कर थाना उसका बाजार का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। मान सिंह को महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन से हटाकर थाना कपिलवस्तु का नया प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। जबकि चन्द्रकान्त पाण्डेय को त्रिलोकपुर से हटाकर प्रभारी एसओजी की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा ओम प्रकाश मिश्र को एंटी थेफ्ट टीम से थानाध्यक्ष पथरा बाजार बनाया गया है। अमित कुमार को पथरा बाजार से थाना सिद्धार्थनगर भेजा गया है। बृजेश सिंह को भवानीगंज से हटाकर थानाध्यक्ष शिवनगर डिडई नियुक्त किया गया है। विजय शंकर सिंह का पुलिस लाइंस स्थानांतरण निरस्त करते हुए उन्हें भवानीगंज का थानाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं अरविन्द कुमार मौर्य को शिवनगर डिडई से प्रभारी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संतोष कुमार सिंह को पथरा बाजार से हटाकर प्रभारी एंटी थेफ्ट टीम जनपद सिद्धार्थनगर बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी आदेश में सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नए तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासनिक दृष्टि से इस फेरबदल को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# नगर पंचायत इटवा जाम कि समस्या से जुझार है, तीन से चार घंटे तक लगा रहा जाम

दैनिक बुद्ध का संदेश



इटवा/सिद्धार्थनगर। इटवा नगर पंचायत होने से लोगो को एक उम्मीद जागी थी कि अब इटवा की तस्वीर बदल जाऐगी लेकिन यहां सब उल्टा हो गया इटवा मे पहले भी रोड पर जाम लगती जिसको इटवा शासन प्रशासन द्वारा तुरंत हटाया जाता था लेकिन अब तो नगर पंचायत होने के कारण और भी जाम लगने लगा है। गुरुवार को तो ऐसा जाम लगा की कोई इमरजेंसी मरीज हो और एम्बुलेंस की गाड़ी सवार हो एंबुलेंस में ही दम तोड़ देता लेकिन गाड़ी निकालने का कोई चांस ही नहीं था इन सब का जिम्मेदार शासन प्रशासन नगर पंचायत है। क्यों कि दुकानदार अपने दुकान के समाने पटरी पर ठेला और थ्री व्हीलर लगवाते है अगर उनको वहा से हटाया जाता है तो आधे पटरी और सड़क पर घंटो खड़ा करके ग्राहक और सवारी का इंतजार करते हैं चाहे जितना भी इमरजेंसी में हो रोड से हटाने का नाम नहीं लेते।

# सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा शुरू

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जनपद के इटवा तहसील क्षेत्र के ग्राम



मुड़ीला में कृष्णा मिश्रा द्वारा सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत भागवत महापुराण की कथा का आयोजन अपने घर पर किया गया है। इसका शुभारंभ गुरुवार को कलश यात्रा के साथ किया गया है।इसका पूर्णाहुति एवं भंडारा आगामी 15 मई को होगा। उक्त जानकारी कार्यक्रम केआयोजक कृष्णा मिश्र ने दी।उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत महापुराण के यजमान उनके पिता राजमंगल हैं।जबकि कथा व्यास के रूप में अयोध्या धाम से पधारे उत्तम कृष्ण शास्त्री जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।प्रतिदिन सुबह एवं शाम को पूजन तथा आरती के बाद सायं सात बजे से देर रात तक श्रीमद्भागवत महापुराण के कथा की अमृत वर्षा होगी।इसमें कुल पुरोहित का कार्य याज्ञवल्क्य शास्त्री कर रहे हैं।गुरुवार को दो पहिया तथा चौपहिया वाहनों के काफिले के साथ भारी संख्या में श्रद्धालु गण डीजे पर भजनों के धुन के साथ भक्तिमय वातावरण में जयकारा लगाते हुए कलश लेकर मुड़ीला से चलकर राप्ती नदी के तट पर डुमरियागंज ओहुँचे।जहां पर वैदिक मंत्रों से नदी का जल कलश में भरवाकर वापस लाकर कथा स्थल पर कथा व्यास उत्तम कृष्ण शास्त्री एवं याज्ञवल्क्य शास्त्री द्वारा विधि विधान से स्थापित कराया गया।श्री कृष्ण जन्मोत्सव का कार्यक्रम आगामी 11 मई की रात में भव्य तरीके से होगा।आयोजक ने क्षेत्र के लोगों से इस अवसर पर भारी संख्या में पहुंचकर कथा का श्रवण करके अपने जीवन को धन्य बनाने तथा भंडारा में 15 मई को शामिल होकर महाप्रसाद ग्रहण करने का अनुरोध किया है।

# स्टॉक होने के बावजूद नहीं मिल रहा था पेट्रोल-डीजल, शिकायत के बाद शुरू हुई सप्लाई

दैनिक बुद्ध का संदेश





शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ क्षेत्र स्थित बोरा ऑटो मोबाइल पेट्रोल पंप पर पेट्रोल-डीजल उपलब्ध होने के बावजूद उपभोक्ताओं को ईंधन न दिए जाने का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। आरोप है कि कई दिनों तक पंप पर पर्याप्त स्टॉक मौजूद रहने के बावजूद बिक्री नहीं की गई, जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार 6 मई 2026 (बुधवार) को पेट्रोल पंप पर करीब 6130 लीटर पेट्रोल उपलब्ध था, लेकिन मात्र 75 लीटर पेट्रोल की ही बिक्री दर्शाई गई। वहीं लगभग 19590 लीटर डीजल स्टॉक में होने के बावजूद सिर्फ 125 लीटर डीजल ही बेचा गया। इस स्थिति को लेकर क्षेत्र के लोगों में नाराजगी बढ़ती गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले 4 से 5 दिनों से पेट्रोल पंप पर ईंधन उपलब्ध होने के बावजूद उपभोक्ताओं



| BORA AUTOMOBILES SHOHRATGARH | | | |
|---|---|---|---|
| 6 May, 2026 | | | |
| Opening Stock Diesel | 19590 | Opening Stock Petrol | 6130 |
| Sale Diesel | 125 | Sale Petrol | 75 |
| Closing Diesel | 19465 | Closing Petrol | 60[illegible] |

को खाली हाथ लौटाया जा रहा था। शादी-विवाह के सीजन में लोगों को ईंधन के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ। मामले को लेकर हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष रामपाल सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर से शिकायत कर हस्तक्षेप की मांग की थी। शिकायत के बाद अब पेट्रोल पंप पर पेट्रोल-डीजल का वितरण शुरू हो गया है। वहीं पेट्रोल पंप संचालक का कहना है कि डीजल मशीन में खराबी तथा पेट्रोल के ड्राई हो जाने के कारण वितरण प्रभावित हुआ था। हालांकि क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि स्टॉक उपलब्ध होने के बावजूद आपूर्ति बाधित रखी गई। बताया जा रहा है कि पूरा मामला जिला पूर्ति अधिकारी के संज्ञान में होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। फिलहाल सप्लाई शुरू होने से लोगों ने राहत की सांस ली है, लेकिन मामले की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग लगातार उठ रही है।

# शिक्षक समस्याओं को लेकर सम्मेलन में गरजे वक्ता, सरकार की नीतियों पर उठाए सवाल

दैनिक बुद्ध का संदेश





सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (ठकुराई) के सम्मेलन में शिक्षकों की समस्याओं, शिक्षा व्यवस्था और सरकारी नीतियों को लेकर वक्ताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। पूर्व कुलपति प्रो. रजनीकांत पाण्डेय ने कहा कि सरकार पाठ्यक्रमों से छेड़छाड़ कर शिक्षा और शिक्षकों को कमजोर करने का प्रयास कर रही है, जिसका मजबूती से विरोध किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई ईमानदार संगठनों के माध्यम से ही संभव है। पूर्व सदस्य प्रबंध परिषद नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज



के नारायण सिंह कौशिक ने कहा कि तदर्थ शिक्षकों का अब तक विनियमितीकरण न होना और वित्तविहीन शिक्षकों की खराब स्थिति सरकारी उदासीनता को दर्शाती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उ.प्र. माध्यमिक शिक्षक संघ (ठकुराई) भविष्य में मजबूत और संघर्षशील संगठन के रूप में उभरेगा। उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के मुख्य संरक्षक श्रीनिवास शुक्ल ने संगठन को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष जारी रहना चाहिए। प्रदेश मंत्री राम बहाल त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि कुछ लोग दबाव बनाकर संगठन को कमजोर करना चाहते हैं, लेकिन उनकी मंशा सफल नहीं होने दी जाएगी। सम्मेलन का संचालन प्रदेश महामंत्री विनोद कुमार यादव एवं शिक्षक निखिल पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम को डॉ. रवीन्द्र त्रिपाठी, पं. राजेश कुमार मिश्र, डॉ. गिरिजेश पाण्डेय, सुरेंद्र सिंह, डॉ. हरे राम मिश्र, नीरज श्रीवास्तव, डॉ. दीपक पाण्डेय समेत कई वक्ताओं ने संबोधित किया। सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में प्रधानाचार्य और शिक्षक प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं संतोष शर्मा पुत्र श्री रामलाल, निवासी- भगवानपुर टोला चौनपुर पश्चिम, पोस्ट- परसा बेलहरी, जनपद- सिद्धार्थनगर (उ.प्र.) का निवासी हूँ।

यह कि मेरी पुत्री का नाम उसके पूर्व विद्यालय (मिडास इंग्लिश स्कूल, बर्डपुर) के शैक्षिक अभिलेखों (कक्षा 1 से 8 तक) में शालू शर्मा अंकित था। पुत्री के आधार कार्ड और कक्षा 9 के प्रवेश विवरणों में उसका नाम बिट्टू शर्मा दर्ज है। भविष्य में मेरी पुत्री को केवल बिट्टू शर्मा के नाम से ही जाना व पहचाना जाए। शालू शर्मा व बिट्टू शर्मा एक ही लड़की के नाम हैं।

**संतोष शर्मा**
पता : भगवानपुर,
टोला- चौनपुर पश्चिम,
जनपद-सिद्धार्थनगर

# पश्चिम बंगाल, असम और पाण्डुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय- नितेश पाण्डेय

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। पश्चिम बंगाल, असम और पाण्डुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय पर क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर भाजपा नेता नितेश पाण्डेय ने पार्टी की इस बड़ी सफलता पर शीर्ष नेतृत्व एवं कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। नितेश पाण्डेय ने कहा कि यह जीत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व, जनकल्याणकारी नीतियों और संगठन की मजबूत रणनीति का परिणाम है। उन्होंने बताया कि जनता ने विकास, सुशासन और राष्ट्रहित की राजनीति पर अपना विश्वास जताया है। इस खुशी के मौके पर बर्डपुर क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर जश्न मनाया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। "भारत माता की जय" और "भाजपा जिंदाबाद" के नारों से पूरा माहौल गूंज उठा। नितेश पाण्डेय ने आगे कहा कि यह विजय आने वाले समय में पार्टी को और मजबूती देगी तथा देश को विकास के नए आयामों तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इसी पार्टी लगातार सफलता की



एकजुटता और मेहनत से नई ऊंचाइयों को छू रही है।यह जीत जनता के विश्वास, विकास और मजबूत नेतृत्व का परिणाम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व और गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के मार्गदर्शन ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" ही देश की ताकत है।

# सम्पादकीय

**प्रश्न यह भी है कि क्या इन धमाकों के बाबत खुफिया सूचनाओं को नजरअंदाज किया गया है? या फिर मिली हुई खुफिया सूचनाओं के आधार पर समन्वित प्रतिक्रिया देने में कहीं चूक हुई है? वास्तव में वक्त की सबसे बड़ी जरूरत इस बात को लेकर है कि हम ऐसी किसी भी चुनौती को लेकर एक समन्वित प्रतिक्रिया दें। केंद्र व राज्य सरकार की एजेंसियों के बीच खुफिया जानकारी का...**

## आतंक की घटनाओं पर राजनीति अस्वीकार्य

गाहे–बगाहे पंजाब में शांति भंग करने के अनेक कुत्सित प्रयास होते नजर आए हैं। सीमा पार से पंजाब का सुख–चौन छीनने के षडघ्यंत्र काले दौर से लेकर अब तक रुके नहीं हैं। नशे और बेरोजगारी को हथियार बनाकर भटके युवाओं को इन साजिशों का हथियार बनाने के मामले भी उजागर हुए हैं। पंजाब में हाल ही में दो धमाके हुए, पहला जालंधर में बीएसएफ चौकी के बाहर और दूसरा अमृतसर में सेना की छावनी के पास हुआ। सेना और सुरक्षा बलों को लक्षित इन हमलों के घातक मंसूबों को समझा जा सकता है। वहीं दूसरी ओर समय और लक्ष्य के लिहाज से इतने करीबी हमलों के निहितार्थ समझना कठिन नहीं है कि ये महज सामान्य मामले नहीं थे। अब भले ही इन धमाकों की तीव्रता कम रही हो,लेकिन इनमें गंभीर रणनीतिक चेतावनी छिपी है। वह ये कि भारतीय सुरक्षा व्यवस्था के संवेदनशील क्षेत्रों की हिफाजत को आंका जा रहा है। वहीं दूसरी ओर पंजाब के डीजीपी गौरव यादव द्वारा सैन्य क्षेत्र के पास हुए धमाकों में विस्फोटक उपकरण यानी आईडीपी के इस्तेमाल की पुष्टि करना, खतरे की गंभीरता को रेखांकित करता है। निस्संदेह, ये महज आकस्मिक घटनाएं मात्र नहीं हैं। ये सुनियोजित तरीके व जासूसी के जरिये रक्षा प्रतिष्ठानों के आसपास की कमजोर कड़ियों को तलाशने की कुत्सित कोशिश है। अब चाहे इन आतंकी गतिविधियों के तार स्थानीय साजिश से जुड़े हों या फिर सीमा पार से साजिश को अंजाम दिया गया हो, कह सकते हैं कि मिलाजुला षडघ्यंत्र हो, मगर तौर–तरीका स्पष्ट है। हालांकि, राजनीतिक दल अपनी राजनीतिक लाइन के अनुरूप बयान देने से बाज नहीं आ रहे हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इसका दोष भाजपा पर मढ़ा है। वहीं भाजपा आप सरकार पर आरोप लगा रही है कि वह राज्य को सुरक्षा देने में विफल रही है। बहरहाल, भले ही आरोप–प्रत्यारोप का यह खेल नेताओं को राजनीतिक लाभ–हानि के गणित के अनुरूप लगता हो, मगर राज्य की सुरक्षा के नजरिये से अदूरदर्शी कदम ही कहा जाएगा। यह विडंबना ही है कि पंजाब के राजनेता अतीत के स्याह दौर की घातकता से कोई सबक नहीं सीखते हैं। राजनेताओं की संकीर्णता और दूरगामी प्रभावों को नजरअंदाज करके की गई बयानबाजी ही चिंगारी को आग बनाने का काम करती है। जिसकी कीमत दशकों तक पंजाब के लोगों व राज्य की अर्थव्यवस्था को चुकानी पड़ती है। यह सामान्य तथ्य है कि कि जब भी इस संवेदनशील व सीमावर्ती राज्य पर कोई सुरक्षा संकट पैदा हो, उसके लिये राजनीतिक भेदभाव भुलाकर समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता है। टकराव की राजनीति से राज्य का अहित ही होगा। निस्संदेह, पंजाब का अतीत इस मामूली अशांति के प्रति भी विशेष रूप से संवेदनशील होने की जरूरत बताता है। दशकों तक पंजाब ने सुदृढ़ पुलिस व्यवस्था और खुफिया जानकारी पर आधारित अभियानों हेतु देशव्यापी ख्याति अर्जित की है। लेकिन हाल की घटनाओं ने हमारी सुरक्षा चिंताओं को बढ़ाया ही है। यह गंभीर मसला है कि इस सीमावर्ती संवेदनशील राज्य में दस दिनों के भीतर तीन सुनियोजित व उच्च तकनीक से लैस विस्फोट हुए हैं। ये धमाके सभी पक्षों की मेहनत से अर्जित साख को धूमिल करने के जोखिम को बढ़ाते हैं। सवाल मात्र यही नहीं है कि इन धमाकों के लिये कौन जिम्मेदार है। प्रश्न यह भी है कि क्या इन धमाकों के बाबत खुफिया सूचनाओं को नजरअंदाज किया गया है? या फिर मिली हुई खुफिया सूचनाओं के आधार पर समन्वित प्रतिक्रिया देने में कहीं चूक हुई है? वास्तव में वक्त की सबसे बड़ी जरूरत इस बात को लेकर है कि हम ऐसी किसी भी चुनौती को लेकर एक समन्वित प्रतिक्रिया दें। केंद्र व राज्य सरकार की एजेंसियों के बीच खुफिया जानकारी का बेहतर ढंग से आदान–प्रदान किया जाए। वहीं दूसरी ओर सुरक्षा घेरे के दायरे का तत्काल प्रभाव से सुरक्षा ऑडिट किया जाए। इन साजिशों पर कड़ी निगरानी रखने की जरूरत है। खासकर लगातार गहरी होती ड्रोन आधारित घुसपैठ के खतरों को रोकने के लिये युद्धस्तर पर कार्रवाई की आवश्यकता है। ड्रोन आज अवैध हथियारों व नशीले पदार्थों की तस्करी का साधन बन रहे हैं। जनता का मनोबल बढ़ाना जरूरी है, लेकिन सुरक्षा जोखिमों को कम न आंका जाए।

## अंधा प्रेम और आंखों की चालाकियां

सोचिए, सचमुच प्यार अंधा होता तो दुनिया के आधे झगड़े खत्म हो जाते। न कोई किसी की शक्ल देखता और न ही चमड़ी का रंग। न कोई किसी का बैंक बैलेंस देखता और न ही जात–पात। सब बस दिल से दिल जोड़ लेते। तूड़ी से भरी एक ट्राली के पीछे लिखा थाकृ मेरे प्यार की हद न पूछो कि उसने दिन को रात कहा और हमने पैग बना लिया। लोग बड़े विश्वास से कहते हैं कि प्यार अंधा होता है। जैसे कि अंधेपन पर ही सारी दुनिया के प्रेम–प्रसंगों का ठीकरा फोड़ देना सबसे आसान हो। सोचिए, सचमुच प्यार अंधा होता तो दुनिया के आधे झगड़े खत्म हो जाते। न कोई किसी की शक्ल देखता और न ही चमड़ी का रंग। न कोई किसी का बैंक बैलेंस देखता और न ही जात–पात। सब बस दिल से दिल जोड़ लेते। सच्चाई यह है कि हमारे यहां प्यार अंधा नहीं बल्कि बहुत तेज नजर वाला है। उसे बस वही दिखाई देता है जो वह देखना चाहता है। आज का प्रेम बड़ा चयनशील है। उसे मोबाइल का मॉडल दिखता है, गाड़ी की कंपनी दिखती है, टीशर्ट–जूते के ब्रांड व इंस्टाग्राम के फॉलोअर दिखते हैं लेकिन इंसान का चरित्र नहीं दिखता। फिर जब मामला बिगड़ जाता है तो घोषणा होती है कि साहब प्यार में आदमी अंधा हो जाता है। सच तो यह है कि आदमी अंधा नहीं होता। बस उसकी नजरें छुट्टी पर चली जाती हैं और वासना ड्यूटी पर आ जाती है। यह भी सोचने की बात है कि अगर सचमुच कोई अंधा आदमी प्यार करे तो उसे क्या कहेंगे? क्योंकि उसने न चेहरा देखा, न मेकअप, न फैशन, न बैंक बैलेंस। उसने तो बस आवाज सुनी होगी। व्यवहार महसूस किया होगा और दिल की धड़कन पहचानी होगी। तो असली प्यार तो शायद वही हुआ! लेकिन विडंबना देखिये कि हमने अंधेपन को बदनाम कर रखा है और आंखों की चालाकी को 'रोमांस' का नाम दे दिया है। आजकल के प्रेम की हालत बड़ी दिलचस्प है। लड़का कहता हैकृमैं तुम्हारी आंखों में डूब गया। लड़की कहती हैकृमैं तुम्हारी मुस्कान पर मर गई। और शादी के दो साल बाद दोनों एक–दूसरे को देखकर कहते हैंकृयार! उस समय हमारी आंखों को क्या हो गया था? यह तो मानना पड़ेगा कि प्रेम का गणित है बड़ा अजीब। जब तक रिश्ता नया होता है, आदमी कवि बन जाता है, चांद, सितारे, बारिश, गुलाब, चॉकलेट और सिनेमा की टिकट आदि सब उसकी जेब में घूमते हैं और जैसे ही जिम्मेदारियां आती हैं, वही आदमी कहता हैकृ मुझे तो इसके चाल–चलन पर पहले ही शक था! और तुम्हारे बिना न जी पाने वाला आदमी अचानक तुम्हारे साथ जीना मुश्किल अनुभव करता है।

## 'सरहदी राज्य' के नारे संग चुनावी रणनीति

**उधर, हालिया हार के बाद इंडिया गठबंधन एकजुट होने की एक बार फिर कोशिश कर रहा है। अब देखना होगा कि पंजाब में भाजपा अपने पूर्व सहयोगी शिरोमणि अकाली दल के साथ फिर से मैदान में उतरने की कोशिश करती है या फिर इस राज्य में भी वह कोई नया प्रयोग करेगी। वैसे दोनों दलों के कुछ स्थानीय कार्यकर्ता इस गठबंधन को जरूरी बता रहे हैं, लेकिन शीर्ष स्तर पर इस तरह की किसी चर्चा की कोई ...**

पश्चिम बंगाल और असम जैसे 'बॉर्डर स्टेट्स' के बाद अब भाजपा पंजाब के लिए 'सरहदी राज्य का नारा' देने की तैयारी में है। भाजपा मुख्यालय में बंगाल–असम जीत के जश्न के दौरान भी इसकी झलक मिली। बंगाल जीत से उत्साहित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पैनी नजर अब पंजाब पर है। अकाली दल के साथ पहले भी पंजाब में सत्ता का स्वाद चख चुकी भाजपा अब यहां 'एकला चलो' की रणनीति पर काम कर रही है। बेशक पंजाब के सियासी शतरंज में शह–मात के खेल में गोटी फिट करना टेढ़ी खीर है, लेकिन पश्चिम बंगाल और असम जैसे 'बॉर्डर स्टेट्स' के बाद अब वह पंजाब के लिए 'सरहदी राज्य का नारा' देने की तैयारी में है। भाजपा मुख्यालय में बंगाल–असम जीत के जश्न के दौरान भी इसकी झलक मिली। दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा के साथ इस जश्न में अनेक सिख नेता शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण के दौरान इन लोगों ने खूब नारे लगाए। पंजाब को लेकर भाजपा इसलिए भी उत्साहित है क्योंकि उसे यकीन है कि फिर से एकजुट हो रहे 'इंडिया' गठबंधन की एकता यहां नहीं रहेगी। इस राज्य में कांग्रेस तो अकेले लड़ेगी ही, आम आदमी पार्टी (आप) सत्ता में वापसी की अलग से पूरी कोशिश करेगी। आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल कह चुके हैं कि भाजपा के विजय रथ को पंजाब रोकेगा। अकाली दल अपनी तैयारी कर ही रहा है। कुछ अन्य क्षेत्रीय दलों की भी चुनाव में भूमिका होती है। ऐसे में भाजपा बिखरे विपक्ष का फायदा उठाएगी। इसी तरह का लाभ उसे बंगाल और असम में भी मिला है। चुनाव परिणाम के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में



दिल्ली के पूर्व सीएम केजरीवाल ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी के लिए ये आखिरी विजय है। साथ ही उन्होंने यह भी दावा किया कि पंजाब के बाद मोदी सरकार गिर जाएगी। आप से भाजपा में गए राज्यसभा सदस्यों का जिक्र करते हुए केजरीवाल ने कहा कि मोदी सरकार ने पंजाबियों की इन सीटों को लूटा है। पश्चिम बंगाल की निवर्तमान मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने पहली प्रतिक्रिया में आरोप लगाया कि भाजपा ने सौ सीटों की लूट की है। इसी तरह सपा प्रमुख अखिलेश यादव एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी चुनाव में सीट चोरी का आरोप लगाया है। वह मोदी के खिलाफ अक्सर ऐसे ही शब्द का इस्तेमाल करते हैं। इस बीच, भाजपा नेताओं ने 2027 में होने वाले पंजाब विधानसभा चुनावों में पश्चिम बंगाल में मिली सफलता को दोहराने की उम्मीद जताई है। भाजपा के रणनीतिकार सरहदी राज्य की सुरक्षा, नशा जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठा रहे हैं। वैसे पंजाब के अलावा अगले साल गुजरात, गोवा, मणिपुर, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में भी चुनाव हैं, लेकिन भाजपा के लिए पंजाब प्रमुख है। पार्टी यहां अपना वर्चस्व बनाकर एक संदेश देने की कोशिश में है। अन्य राज्यों में भी भाजपा की तैयारी जोरों पर है। पार्टी अध्यक्ष नितिन नबीन जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं। इन राज्यों में पार्टी पदाधिकारियों की विभिन्न बैठकों में भाग ले चुके नबीन अब पीएम और गृह मंत्री अमित शाह के साथ चर्चा कर रहे हैं। इन राज्यों के साथ ही भाजपा उत्तराखंड के लिए भी जोरशोर से जुट गयी है। उत्तराखंड, गुजरात भी एक तरह से सरहदी राज्य हैं। उत्तराखंड में जहां चीन और नेपाल की सीमाएं लगती हैं वहीं गुजरात का एक हिस्सा पाकिस्तान सीमा से सटा है। पंजाब भी पाकिस्तान सीमा से सटा है। मणिपुर राज्य भी म्यांमार से सटा है और यहां कुछ समय तक अशांति रही। हालांकि अभी भी इस सरहदी राज्य में हिंसा की छिटपुट वारदातें हो रही हैं। दो समुदायों के बीच संघर्ष को सुलझाने का काम भाजपा सरकार नहीं कर पाई है। मणिपुर को लेकर कांग्रेस अनेक बार भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधती रही है। काबिल–ए–गौर है कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश, गुजरात, उत्तराखंड, मणिपुर और गोवा में भाजपा की सरकार है, जबकि पंजाब में आप और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सत्ता में है। भाजपा ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में 207 सीटें जीतकर दो–तिहाई से अधिक बहुमत हासिल कर इतिहास रच दिया। यहां उसने तृणमूल कांग्रेस के 15 साल के शासन का अंत कर दिया। असम में सत्तारूढ़ राजग दो–तिहाई बहुमत हासिल करने के बाद लगातार तीसरी बार राज्य में सत्ता में लौटा है। राजग ने 126 सदस्यीय विधानसभा में 102 सीटों पर जीत दर्ज की। भाजपा ने 82 सीट पर जीत हासिल की जबकि उसके सहयोगी दलों– बोडो पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) और असम गण परिषद (एजीपी) को 10–10 सीट पर जीत मिली है। राज्य में भाजपा ने पहली बार अपने दम पर बहुमत हासिल किया है। भारत के ज्यादातर राज्यों में काबिज हो चुकी भाजपा या राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) अब पूरा जोर पंजाब पर लगाएगी। उधर, हालिया हार के बाद इंडिया गठबंधन एकजुट होने की एक बार फिर कोशिश कर रहा है। अब देखना होगा कि पंजाब में भाजपा अपने पूर्व सहयोगी शिरोमणि अकाली दल के साथ फिर से मैदान में उतरने की कोशिश करती है या फिर इस राज्य में भी वह कोई नया प्रयोग करेगी।

**दरअसल, रेशमा कुरैशी, लक्ष्मी अग्रवाल और केटी पाइपर जैसी महिलाएं अकेली नहीं हैं। ईरान की अमेनेह बहरामी, कोलंबिया की नतालिया पोंसे दे लियोन, पाकिस्तान की फाखरा यूनुस और बांग्लादेश की जहरा जैसी अनेक महिलाओं ने एसिड अटैक की भयावह पीड़ा झेलने के बावजूद स्वयं को चुप्पी में कैद नहीं होने दिया। इन महिलाओं ने अपने संघर्ष को निजी दुख तक सीमित रखने ...**

## तेजाब और पितृसत्ता के बीच संघर्ष करती स्त्री

एसिड अटैक मानवता के मुंह पर वह तमाचा है, जहां सभ्यता, संस्कृति और संवेदनाएं एक साथ दम तोड़ती दिखाई देती हैं। ऐसे अपराध केवल किसी एक व्यक्ति पर हमला नहीं होते, बल्कि वे पूरे समाज की चेतना और नैतिकता को कठघरे में खड़ा कर देते हैं। हाल ही में देश के शीर्ष न्यायालय ने 'शाहीन मलिक बनाम भारत संघ' मामले में एसिड अटैक के संबंध में मौजूदा कानूनों के तहत तेजाब हमलों से जुड़े मामलों के निस्तारण को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की। अदालत ने माना कि ऐसे अपराधों के लिए निर्धारित दंड पर्याप्त नहीं हैं तथा कई पीड़ित अब भी उचित कानूनी पहचान और सहायता से वंचित हैं। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 के प्रावधानों की भी समीक्षा की। अदालत ने पाया कि अधिनियम की वर्तमान अनुसूची में तेजाब हमले के पीड़ितों को केवल उन व्यक्तियों तक सीमित रखा गया है जो 'एसिड या इसी तरह के संहारक पदार्थ फेंकने से हुए हिंसक हमलों के कारण विकृत हो गए हैं।' न्यायालय ने केंद्र सरकार से अनुसूची में संशोधन कर ऐसे मामलों को शामिल करने पर विचार करने को कहा। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा, 'यदि इस संशोधन को अधिसूचित किया जाता है तो हम इसकी सराहना करेंगे।' यही नहीं पीठ ने तेजाब की सहज उपलब्धता और उसकी अवैध बिक्री पर भी गंभीर चिंता जताई और कहा कि




अवैध रूप से तेजाब बेचने वाले विक्रेताओं को जिम्मेदारी से बचने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए तथा ऐसे मामलों में उनकी जवाबदेही भी सुनिश्चित होनी चाहिए। न्यायालय ने यह भी संकेत दिया कि दायित्व केवल हमलावर तक सीमित नहीं रहना चाहिए। सुनवाई के दौरान अपराधियों पर कठोर आर्थिक दंड लगाने और उनकी संपत्ति जब्त करने जैसे उपायों पर भी चर्चा हुई। अदालत ने टिप्पणी की, 'हमलावर की संपत्ति, जिसमें संयुक्त हिंदू परिवार की संपत्ति में उसका हिस्सा भी शामिल है, क्यों न जब्त की जाए? हम आत्मसम्मान आदि की बात करते हैं... तो आरोपी को क्यों नहीं भुगतना चाहिए?' एसिड अटैक मानवता के मुंह पर वह तमाचा है, जहां सभ्यता, संस्कृति और संवेदनाएं एक साथ दम तोड़ती दिखाई देती हैं। ऐसे अपराध केवल किसी एक व्यक्ति पर हमला नहीं होते, बल्कि वे पूरे समाज की चेतना और नैतिकता को कठघरे में खड़ा कर देते हैं। विशेष रूप से वे लोग भी प्रश्नों के घेरे में आ जाते हैं, जो इस हिंसा के विरुद्ध बोलने का साहस नहीं जुटा पाते। बिना किसी अपराध के जीवनभर असहनीय पीड़ा सहना केवल शारीरिक या मानसिक यातना भर नहीं है। यह उस धीमे जहर की तरह है, जिसमें पीड़िता हर दिन जीते हुए स्वयं को अपराधबोध, उपेक्षा और सामाजिक असहजता के बीच घिरा हुआ पाती है। विडंबना यह है कि तेजाब का प्रभाव केवल शरीर को नहीं जलाता, बल्कि वह व्यक्ति के आत्मविश्वास, संबंधों और जीवन के प्रति विश्वास को भी भीतर तक झुलसा देता है। यदि हम यह सोचते हैं कि ऐसी कुंठित मानसिकता केवल भारत तक सीमित है, तो यह हमारी गंभीर भूल होगी। स्त्री को अस्वीकार किए जाने, नियंत्रण खो देने या आहत अहंकार के प्रतिशोध में हिंसा का शिकार बनाना दरअसल संपूर्ण विश्व की एक सामाजिक बीमारी है। पुरुष अक्सर स्त्री की 'न' को स्वीकार नहीं कर पाता। जब उसका अहंकार घायल होता है, तब वह शक्ति, भय, हिंसा या नियंत्रण के माध्यम से स्त्री पर अपना वर्चस्व स्थापित करना चाहता है। और जब वह ऐसा करने में असफल होता है, तब कई बार प्रतिशोध सबसे क्रूर रूप में सामने आता है। नारीवादी चिंतक बेल हुक्स पितृसत्ता को ऐसी व्यवस्था मानती हैं, जो पुरुष को यह विश्वास दिलाती है कि प्रभुत्व उसका स्वाभाविक अधिकार है। वहीं मनोवैज्ञानिक लंडी बैनक्रॉफ्ट अपनी पुस्तक 'व्हाय डज ही डू दैट?' में लिखते हैं कि हिंसा केवल क्षणिक क्रोध का परिणाम नहीं होती, बल्कि उसके मूल में स्वामित्व, अधिकारबोध और नियंत्रण की मानसिकता छिपी होती है। यही कारण है कि जब कोई स्त्री अपनी स्वतंत्र इच्छा से निर्णय लेती है, असहमति जताती है या किसी संबंध को अस्वीकार करती है, तब पुरुषवादी अहंकार कई बार उसे दंडित करने पर उतारू हो जाता है। इन तमाम असहनीय यातनाओं और सामाजिक उपेक्षाओं के बीच जो बात सबसे अधिक चकित करती है, वह है एसिड अटैक सर्वाइवर्स की अदम्य जिजीविषा। उनकी जिजीविषा पितृसत्तात्मक मानसिकता को आईना दिखाती है। जिन लोगों ने उन्हें तोड़ने, डराने और जीवनभर के लिए समाप्त कर देने का प्रयास किया, वे उनके शरीर को तो घायल कर पाए, पर उनकी आत्मा, उनका साहस और जीने की इच्छा को समाप्त नहीं कर सके। शायद यही उन अपराधियों की सबसे बड़ी हार है कि जिन स्त्रियों को वे भय और पीड़ा के अंधेरे में धकेल देना चाहते थे, वही स्त्रियां आज संघर्ष, आत्मसम्मान और साहस की सबसे मजबूत आवाज बनकर खड़ी हैं। भारतीय एसिड अटैक सर्वाइवर रेशमा कुरैशी इसका एक सशक्त उदाहरण हैं। जिस लड़की के चेहरे को तेजाब से मिटा देने की कोशिश की गई थी, वही रेशमा बाद में न्यूयॉर्क फैशन वीक के रैंप तक पहुंचीं। यह केवल एक उपलब्धि नहीं थी, बल्कि उस मानसिकता के विरुद्ध एक शांत किंतु दृढ़ प्रतिरोध था, जो किसी स्त्री की पहचान को उसके चेहरे तक सीमित समझती है। कुछ ऐसी ही कहानी ब्रिटेन की केटी पाइपर की भी है। एक भयावह एसिड अटैक के बाद लंबे समय तक शारीरिक और मानसिक पीड़ा से गुजरने वाली केटी ने स्वयं को केवल एक पीड़िता के रूप में सीमित नहीं होने दिया।



# भारत को घेरने के लिए बांग्लादेश ने मिलाया चीन से हाथ, Siliguri Corridor के पास ड्रैगन देगा दस्तक

भारत और बांग्लादेश के संबंधों में इस समय नई जटिलताएं उभरती दिखाई दे रही हैं। एक ओर अवैध घुसपैठ और सीमा से लोगों को वापस भेजने का मुद्दा दोनों देशों के बीच तनाव का कारण बना हुआ है, वहीं दूसरी ओर तीस्ता नदी परियोजना को लेकर बांग्लादेश का चीन की ओर बढ़ता झुकाव दक्षिण एशिया की सामरिक राजनीति में नए संकेत दे रहा है। हाल के घटनाक्रम यह स्पष्ट करते हैं कि ढाका, बीजिंग और नई दिल्ली के बीच कूटनीतिक संतुलन तेजी से बदल रहा है।

हम आपको बता दें कि बांग्लादेश के गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद ने भारत में असम और पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की चुनावी सफलता के बाद इस आशंका पर चिंता जताई कि कहीं सीमा पर संदिग्ध अवैध प्रवासियों को जबरन वापस भेजने की घटनाएं न बढ़ जाएं। हालांकि उन्होंने उम्मीद जताई कि ऐसा कोई घटनाक्रम नहीं होगा। इससे पहले बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान ने भी संकेत दिया था कि यदि ऐसी घटनाएं बढती हैं तो ढाका प्रतिक्रिया देगा। देखा जाये तो अवैध प्रवासन और सीमा से लोगों को वापस भेजने का प्रश्न लंबे समय से भारत–बांग्लादेश संबंधों में संवेदनशील विषय रहा है।

इसी बीच, सबसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम तीस्ता नदी व्यापक प्रबंधन और पुनरुद्धार परियोजना को लेकर सामने आया है। तारिक रहमान के नेतृत्व वाली बांग्लादेश सरकार ने औपचारिक रूप से इस परियोजना के लिए चीन का सहयोग मांगा है। बीजिंग में बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई वार्ता में यह मुद्दा प्रमुखता से उठा। चीन ने न केवल परियोजना में सहयोग की इच्छा जताई, बल्कि बेल्ट



एंड रोड पहल के अंतर्गत बांग्लादेश के साथ आर्थिक, आधारभूत ढांचा, जल प्रबंधन और डिजिटल अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का भी भरोसा दिया।

हम आपको बता दें कि तीस्ता नदी का सामरिक महत्व अत्यंत संवेदनशील है। यह नदी सिक्किम और पश्चिम बंगाल से होकर बांग्लादेश में प्रवेश करती है और लाखों लोगों की सिंचाई तथा आजीविका का आधार है। यह क्षेत्र भारत के अत्यंत महत्वपूर्ण सिलीगुडी गलियारे के निकट स्थित है, जो पूर्वोत्तर भारत को देश के शेष भाग से जोड़ने वाली जीवनरेखा माना जाता है। ऐसे में चीन की संभावित भागीदारी भारत की सुरक्षा चिंताओं को बढ़ा सकती है। यदि चीन को तीस्ता क्षेत्र में आधारभूत ढांचा या जल प्रबंधन परियोजनाओं के माध्यम से दीर्घकालिक उपस्थिति मिलती है, तो यह भारत की सामरिक निगरानी और पूर्वोत्तर क्षेत्र की सुरक्षा के लिए चुनौती बन सकता है।

हम आपको याद दिला दें कि भारत ने भी वर्ष 2024 में तीस्ता बेसिन के संरक्षण और तकनीकी सहयोग का प्रस्ताव देकर बांग्लादेश के साथ जल प्रबंधन सहयोग मजबूत करने की कोशिश की थी। हालांकि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के विरोध के कारण वर्ष 2011 का तीस्ता जल बंटवारा समझौता अब तक लागू नहीं हो पाया है। यही कारण है कि ढाका में लंबे समय से यह भावना बनी हुई है कि भारत ने जल बंटवारे के प्रश्न पर अपेक्षित संवेदनशीलता नहीं दिखाई। चीन अब इसी असंतोष का लाभ उठाने की कोशिश करता दिखाई दे रहा है।

रिपोर्टों के मुताबिक, चीन ने वार्ता के दौरान यह भी कहा कि दक्षिण एशियाई देशों के साथ उसके संबंध किसी तीसरे पक्ष के खिलाफ नहीं हैं और उन्हें किसी अन्य देश के प्रभाव से नहीं देखा जाना चाहिए। लेकिन रणनीतिक दृष्टि से यह बयान महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि हाल के महीनों में बांग्लादेश की अंतरिम व्यवस्था चीन और पाकिस्तान के अधिक निकट दिखाई दी है। बीजिंग ने बांग्लादेश को राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा में समर्थन देने की बात कही, जबकि ढाका ने ताइवान के प्रश्न पर चीन के एक चीन सिद्धांत के प्रति खुला समर्थन दोहराया है। इसके साथ ही आर्थिक दृष्टि से भी चीन का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। बांग्लादेशी मीडिया के अनुसार चीन जापान, विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक के बाद बांग्लादेश का चौथा सबसे बड़ा ऋणदाता है। वर्ष 1975 से अब तक चीन लगभग साढ़े सात अरब अमेरिकी डॉलर का ऋण दे चुका है। इससे स्पष्ट है कि बांग्लादेश अपनी विकास आवश्यकताओं के लिए चीन पर अधिक निर्भर होता जा रहा है।

बहरहाल, इस पूरे घटनाक्रम का व्यापक रणनीतिक निहितार्थ देखें तो सामने आता है कि दक्षिण एशिया में प्रभाव संतुलन तेजी से बदल रहा है। भारत के लिए चुनौती केवल सीमा सुरक्षा या जल बंटवारा नहीं है, बल्कि अपने पारंपरिक प्रभाव क्षेत्र में चीन की बढ़ती उपस्थिति भी है। यदि नई दिल्ली बांग्लादेश के साथ राजनीतिक विश्वास और आर्थिक साझेदारी को मजबूत नहीं कर पाती, तो चीन को क्षेत्रीय रणनीतिक बढ़त मिल सकती है। दूसरी ओर बांग्लादेश अपने आर्थिक हितों और सामरिक विकल्पों को संतुलित करने की नीति पर आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है। आने वाले समय में तीस्ता परियोजना और सीमा संबंधी मुद्दे भारत–बांग्लादेश संबंधों की दिशा तय करने में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।

# आर अश्विन ने बताई पंजाब किंग्स की सबसे बड़ी कमजोरी, युवा ओपनर्स की अब होगी अग्निपरीक्षा

आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) 2026 के मौजूदा सीजन में पंजाब किंग्स मुश्किल में है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली इस टीम ने ग्रुप स्टेज में शानदार प्रदर्शन किया था और टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में भी उनका खेल बेहतरीन रहा था। हालांकि, लगातार तीन हार के बाद वे दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पिछले मैच में पंजाब किंग्स के सलामी बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। 236 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने क्रमशः एक और तीन रन बनाए।



ऐसे प्रदर्शन को देखते हुए पूर्व भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन ने एक दिलचस्प टिप्पणी की।

अश्विन ने कहा कि यह देखना दिलचस्प होगा कि पंजाब किंग्स के सलामी बल्लेबाज खराब फॉर्म से कैसे उबरते हैं, और यह आगामी मैचों में पंजाब किंग्स के लिए निर्णायक साबित हो सकता है। अश्विन ने अपने यूट्यूब चौनल पर एक वीडियो में कहा कि मैं यह नहीं कह रहा कि प्रभसिमरन और प्रियांश आर्य संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सभी टीमों ने उन्हें शरीर पर गेंद डालने की योजना बनाई है। कोई भी उन्हें स्टंप्स पर मारने की कोशिश तक नहीं कर रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि प्रियांश को यह तय करना होगा कि गेंद कितनी भी छोटी क्यों न हो, थोड़ा स्पेस बनाकर उसे अभिषेक शर्मा की तरह बाएं हाथ से खेलना है। मैं देखना चाहता हूं कि ये दोनों युवा खिलाड़ी इस पर कैसी प्रतिक्रिया देते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि प्रियांश आर्य के सामने दुनिया का सर्वश्रेष्ठ पुल शॉट खेलने वाला गेंदबाज, यानी रिकी पोंटिंग है।

वह रणनीतिक रूप से खेल सकता है। पंजाब किंग्स की बात करें तो लगातार तीन हार के बाद अब उनका अगला मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा। टूर्नामेंट के 55वें मैच में दोनों टीमें 11 मई को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में आमने–सामने होंगी। दिल्ली कैपिटल्स की फॉर्म को देखते हुए पंजाब किंग्स से इस मुकाबले में जीत की उम्मीद की जा रही है।

# एसआरएच की सफलता का राज आया सामने, कोच जेम्स फ्रेंकलिन ने बताई पैट कमिंस की रणनीति

सनराइजर्स हैदराबाद के सहायक कोच जेम्स फ्रेंकलिन



ने कहा कि आईपीएल में गेंदबाजों को बल्लेबाजों के आक्रामकता से रन बनाने के तरीकों की गहरी समझ होनी चाहिये। उन्होंने अपने इस तर्क को पैट कमिंस के उस दांव से जोड़ा जिसमें उन्होंने पंजाब किंग्स के सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य की पूल शॉट खेलने की आदत का फायदा उठाया था। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान कमिंस ने आर्य को आफ स्टम्प के बाहर बाउंसर फेंका और अपर कट की बजाय आर्य ने पूल शॉट खेला जिससे गेंद डीप स्क्वेयर लेग पर खड़े एशान मलिंगा के हाथों में गई।

फ्रेंकलिन ने मैच के बाद कहा ,'' पैट कमिंस और मुख्य कोच डेनियल विटोरी को काफी बारीकी से जानकारी है और मुझे लगता है कि आईपीएल में बल्लेबाजी इतनी मजबूत है कि हर गेंदबाज को बारीकी से जानकारी होनी चाहिये। खासकर शीर्ष तीन या चार बल्लेबाजों को , विशेष तौर पर पावरप्ले में।'' फ्रेंकलिन ने कहा कि सनराइजर्स के गेंदबाजों को मैच से पूर्व फीडबैक से पंजाब के आक्रामक बल्लेबाजों के खिलाफ रणनीति तैयार करने में मदद मिली।

उन्होंने कहा ,'' कई बार आपको वह गेंद फेंकने की जरूरत नहीं होती जिसकी फील्ड अपेक्षा करती है। आपको विरोधी बल्लेबाजों की ताकत और कमजोरियों का ज्ञान होना चाहिये। हमारे गेंदबाजी समूह को फीडबैक मिला था और पंजाब की पारी में हमने उसका इस्तेमाल किया।

# कैच नहीं, मैच छोड़ा! एसआरएच से हार के बाद अपनी ही टीम पर फूटा रिकी पोंटिंग का गुस्सा

बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स पर शानदार 33 रनों की जीत के साथ आईपीएल 2026 तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। हेनरिक क्लासेन और ईशान किशन ने बल्लेबाजी में धमाकेदार प्रदर्शन किया, लेकिन मैच की मुख्य बात पंजाब की खराब फील्डिंग रही। मेहमान टीम ने तीन आसान कैच छोड़ दिए, जिससे हैदराबाद 235 रन बनाकर 4 विकेट के नुकसान पर एक मजबूत स्कोर खड़ा करने में सफल रही।

हैदराबाद की सपाट पिच पर पंजाब किंग्स ने अनुशासनहीनता का पूरा प्रदर्शन किया। किशन–क्लासेन की जोड़ी ने तीन बार कैच छोड़े, और उप–कप्तान ईशान किशन प्रभसिमरन सिंह द्वारा गंवाए गए एक आसान स्टंपिंग के मौके से बच गए। हेनरिक क्लासेन ने अपनी शानदार निरंतरता जारी रखते हुए 43 गेंदों में 69 रन बनाए, जबकि ईशान किशन ने 32 गेंदों में 55 रन बनाए।




बल्लेबाजों के लिए बेहद मुश्किल पिच पर ये मौके गंवाना बेहद निराशाजनक साबित हुआ।

अनुभावी युजवेंद्र चहल को उनके साथियों ने निराश कर दिया। शशांक सिंह और लॉकी फर्ग्यूसन दोनों ने उनकी गेंदबाजी पर आसान कैच छोड़ दिए, जिससे स्पिनर काफी परेशान और गुस्से में दिखे। मैच के दौरान कोच रिकी पोंटिंग ने जियोस्टार से कहा कि यह हमारे लिए एक तरह का अभिशाप बन गया है। हमने इस सीजन में बहुत सारे कैच छोड़े हैं। पोंटिंग ने विशेष रूप से चोट से वापसी कर रहे शशांक सिंह के संघर्ष का जिक्र किया। उन्होंने अपनी टीम को मैच गंवाने के लिए स्टेडियम की रोशनी को जिम्मेदार ठहराने से इनकार कर दिया।

मैच के बीच में हुई बातचीत के दौरान दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा कि मैं कोई बहाना नहीं बनाऊंगा। जब ऐसा कैच मिले, तो उसे पकड़ना ही चाहिए। मध्य क्रम के आक्रामक बल्लेबाजी से पहले, अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड ने पारी की नींव रखी। अभिषेक ने मात्र 13 गेंदों में 35 रन बनाकर स्कोर को एक ऐसे विशाल स्कोर की ओर अग्रसर किया जिसमें सत्रह छक्के शामिल थे। नीतीश रेड्डी ने भी 29 रन की छोटी लेकिन नाबाद पारी खेलकर स्कोर को मजबूती प्रदान की। पंजाब के मुख्य गेंदबाज, मार्को जानसेन और अर्शदीप सिंह, संघर्ष करते नजर आए और उन्होंने मिलकर 104 रन लुटा दिए।

# कृणाल पंड्या का बड़ा बयान, बोले– आईपीएल अब बल्लेबाजों का गेम, गेंदबाजों को बदलना होगा अपना स्टाइल

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के हरफनमौला कृणाल पंड्या ने कहा कि आईपीएल में बल्लेबाजों के आक्रामक प्रदर्शन के बीच प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिये गेंदबाजों को अपने हुनर में विविधता लानी होगी। पंड्या ने जियोस्टार से कहा ,'' पिछले दस साल से अगर आईपीएल आपने करीब से देखा हो तो समझ में आयेगा कि लीग किस तरह बल्लेबाजों के आक्रामक प्रदर्शन की बानगी बन चुकी



है। बल्लेबाजों की बड़े शॉट खेलने की क्षमता भी बदल गई है। नयी पीढी के बल्लेबाज आसानी से चौके छक्के लगा रहे हैं।'' उन्होंने कहा ,'' एक गेंदबाज के तौर पर मेरा मानना है कि गेंदबाजी में विविधता लानी जरूरी है। बल्लेबाजों से एक कदम आगे रहने की जरूरत है। ऐसे में बाउंसर्स और यॉर्कर अहम हो जाते हैं।'' उन्होंने कहा कि हेनरिच क्लासेन और श्रेयस अय्यर जैसे शानदार बल्लेबाजों को गेंदबाजी करना चुनौतीपूर्ण होता है लेकिन हालात को भांपकर उसके अनुकूल ढलने से उन्हें काफी मदद मिली है। उन्होंने कहा ,'' मैं हालात के अनुरूप गेंदबाजी करता हूं। कई बार आक्रामक गेंदबाजी की जरूरत होती है तो कई बार रन रोकने होते हैं। मेरा फलसफा सर्वश्रेष्ठ गेंद फेंकने का होता है। कई बार क्रीज पर कोई खतरनाक बल्लेबाज है और आपको विकेट चाहिये तो जोखिम लेना होता है। सब कुछ मैच हालात पर निर्भर करता है।

# होर्मुज जलडमरूमध्य पर तनाव खत्म? सूत्रों का दावा– अमेरिका और ईरान में नौसैनिक नाकाबंदी हटाने पर बनी ऐतिहासिक सहमति

खबरों के मुताबिक, अमेरिका और ईरान के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी को धीरे–धीरे हटाने और इसके बदले में इसे धीरे–धीरे फिर से खोलने पर सहमति बन गई है। अल अरबिया के अनुसार, दोनों पक्षों ने गुरुवार को इस समझौते पर सहमति जताई। अमेरिका–ईरान युद्ध की शुरुआत में, ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध कर दिया था, जिससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित हुई थी।

अल अरबिया से बात करते हुए सूत्रों ने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य को धीरे–धीरे फिर से खोलने के बदले में नाकाबंदी में ढील देने के संबंध में समझौते हो गए हैं। आने वाले घंटों में जलडमरूमध्य में फंसे जहाजों को मुक्त कर दिया जाएगा। इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरुमध्य नहीं खोलने की स्थिति में ईरान पर और ज्यादा बमबारी करने की बुधवार को चेतावनी दी। इस बीच, युद्ध खत्म करने के लिए दोनों पक्षों के समझौते के करीब पहुंचने की खबर भी सामने आई है।



अमेरिकी मीडिया संस्थान एक्सियस की खबर में अमेरिकी अधिकारियों और दो अन्य सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि अमेरिका और ईरान युद्ध खत्म करने को लेकर एक पृष्ठ के सहमति पत्र को मंजूरी देने और विस्तृत परमाणु वार्ताओं के लिए एक रूपरेखा तय करने के करीब पहुंच गए हैं। खबर के अनुसार अमेरिका को उम्मीद है कि ईरान अगले 48 घंटे के अंदर विभिन्न प्रमुख बिंदुओं पर अपनी प्रतिक्रिया देगा। हालांकि खबर में यह भी कहा गया है कि अभी कुछ तय नहीं है। खबर में कहा गया है कि युद्ध शुरू होने के बाद से पहली बार दोनों पक्ष किसी समझौते के इतनी ज्यादा करीब पहुंचे हैं।

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि अगर ईरान पहले से तय शर्तों को मान ले तो इस समय जारी बड़ा सैन्य अभियान एपिक फ्यूरी खत्म हो जाएगा। समुद्री नाकाबंदी हट जाएगी और होर्मुज जलडमरुमध्य ईरान समेत सभी के लिए खुल जाएगा। ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान ने सहमति नहीं जताई, तो बमबारी शुरू होगी। यह बमबारी दुर्भाग्य से पहले की तुलना में बहुत बड़े स्तर पर और बहुत तेज होगी। एक्सियस की खबर के अनुसार, इस समझौते में ईरान परमाणु संवर्धन को अस्थायी रूप से रोकने पर सहमत होगा, जबकि अमेरिका उस पर लगे आर्थिक प्रतिबंध हटा देगा, साथ ही ईरान के अरबों डॉलर के 'फ्रीज' किए गए धन के इस्तेमाल की अनुमति देगा।

## विकास खण्ड पयागपुर का सीडीओ ने किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

दैनिक बुद्ध का संदेश

पयागपुर/बहराइच। विकास खण्ड पयागपुर में मुख्य विकास



अधिकारी (सीडीओ) सुनील कुमार धनवंता ने गुरुवार को औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक अमले में हड़कंप मचा दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विकास कार्यों, कार्यालय संचालन एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यशैली का मूल्यांकन करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, अमदापुर का भी निरीक्षण किया। विद्यालय में छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, शैक्षिक व्यवस्था एवं साफ–सफाई की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर लापरवाही पाए जाने पर सीडीओ ने जिम्मेदार अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए व्यवस्थाओं में शीघ्र सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पात्रों तक पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। सीडीओ के अचानक निरीक्षण से क्षेत्र में प्रशासनिक सक्रियता को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं, वहीं अधिकारियों एवं कर्मचारियों में सतर्कता बढ़ गई है।

# विद्युत व्यवस्था में लापरवाही पर आयुक्त सख्त, खराब प्रगति पर कंपनियों को ब्लैक लिस्ट की चेतावनी

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। मण्डलायुक्त देवीपाटन मण्डल दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में विद्युत विभाग एवं कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों के साथ मंडलीय समीक्षा बैठक हुई।बैठक में गोन्डा,बलरामपुर, बहराइच एवं श्रावस्ती जनपदों की विद्युत आपूर्ति, ट्रांसफार्मर प्रतिस्थापन,स्मार्ट मीटर,विद्युत संयोजन,स्कूल लाइन शिटिंग एवं विभिन्न विद्युत परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।बैठक में मण्डलायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि खराब ट्रांसफार्मरों को निर्धारित समय सीमा में बदलना हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने कहा कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर शिकायतों का तत्काल निस्तारण हो तथा उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए।समीक्षा के दौरान आरडीएसएस योजना के अंतर्गत अविद्युती.त कसावटों के विद्युतीकरण एवं नए कनेक्शन जारी करने की धीमी प्रगति पर मण्डलायुक्त ने मेसर्स विक्रांत इंजीनियरिंग लिमिटेड पर कड़ी नाराजगी जताई।उन्होंने चेतावनी दी कि कार्यों में तत्काल सुधार नहीं हुआ तो कंपनी को ब्लैक लिस्ट कर दिया जाएगा। मण्डलायुक्त ने मनकापुर ,बलरामपुर एवं गोण्डा के एक्सईएन क्षेत्रों में ट्रांसफार्मरों पर यूज सेट लगाने की खराब प्रगति पर मुख्य अभियंता विद्युत को संबंधित अधिकारियों को शो कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।साथ ही सभी एक्सईएन को एक सप्ताह के भीतर शत–प्रतिशत यूज सेट लगाए जाने का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने को कहा।उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि ट्रांसफार्मर खराब होने पर मरम्मत व्यय की रिकवरी संबंधित एक्सईएन के वेतन से की जाए।बैठक के अंत में मण्डलायुक्त ने सरकारी नलकूपों एवं पेयजल योजनाओं के ऊर्जीकरण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने,नए विद्युत कनेक्शन अभियान चलाकर जारी करने तथा उपभोक्ता शिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। एसएमएम इंफ्राटेक को भी एक माह के भीतर सभी लंबित विद्युत कार्य पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा गया कि समयसीमा का पालन न होने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।अन्य कार्यदायी संस्थाओं को दस दिन में लंबित कार्य समाप्त करने के निर्देश दिए गए। बैठक में झटपट पोर्टल की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने निर्देश दिए कि एक भी आवेदन लंबित नहीं रहना चाहिए।उन्होंने नए विद्युत संयोजन शीघ्र जारी करने तथा त्रुटिपूर्ण विद्युत बिलों का त्वरित संशोधन सुनिश्चित करने को कहा।स्मार्ट मीटर से जुड़ी शिकायतों एवं भ्रांतियों को गंभीरता से लेते हुए मण्डलायुक्त ने व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए ताकि लोगों में विश्वास कायम हो।विद्यालय परिसरों से गुजर रही एचटी एवं एलटी लाइनों की शिटिंग कार्यों की समीक्षा के दौरान गोंडा में कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए सभी एजेंसियों को चेतावनी दी गई कि अभियान चलाकर स्कूल परिसरों को जल्द से जल्द बिजली लाइनों से मुक्त कराया जाए।उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी विद्यालय के ऊपर बिजली के तार नहीं लटकने चाहिए।




## थाना हुजूरपुर का औचक निरीक्षण, शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश



दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने बुधवार को थाना हुजूरपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों, महिला हेल्पडेस्क तथा लंबित प्रार्थना पत्रों की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का विधिवत पंजीकरण सुनिश्चित करते हुए उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। साथ ही प्रत्येक प्रकरण में फरियादियों से फीडबैक लेने पर विशेष बल दिया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर में आने वाले आगंतुकों के साथ शालीन, संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। आगंतुकों के बैठने की समुचित व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने तथा परिसर में साफ–सफाई बनाए रखने को प्राथमिकता देने के लिए कहा गया। मालखाना निरीक्षण के दौरान अभिलेखों एवं माल सामग्री के सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रख–रखाव के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त थाना परिसर, कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, मिशन शक्ति केंद्र, हवालात, बैरक, मेस एवं शौचालयों का निरीक्षण करते हुए स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था और संसाधनों के प्रभावी रख–रखाव पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। पुलिस अधीक्षक ने रात्रि ड्यूटी व्यवस्था की भी जांच की तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए। साथ ही थाना परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता एवं उनकी उचित दिशा सुनिश्चित करने पर भी बल दिया।

## हत्या के प्रयास के मामले में 4 आरोपी गिरतार, पुलिस की बड़ी कार्रवाई




दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच। थाना कोतवाली नगर पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 2 अभियुक्त व 2 अभियुक्ताओं को गिरतार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार, 15 अप्रैल 2026 को वादी संतोष श्रीवास्तव ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि बाइक खड़ी करने के विवाद को लेकर विपक्षियों ने उसके पुत्र पर लाठी–डंडों और धारदार हथियारों से जानलेवा हमला किया था। इस मामले में थाना कोतवाली नगर में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान की। इसके बाद 7 मई 2026 को मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर चारों आरोपियों को गिरतार कर लिया गया। गिरतार आरोपीरूचांदबाबू उर्फ छोटेकस,गजाला पत्नी चांदबाबू,सना पत्नी हसन अली,वाहिद उर्फ रक्की हैं, सभी आरोपी थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ धारा 191(2), 109(1), 352, 351(3) बीएनएस व 7 ब्स। एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य विधिक कार्रवाई जारी है और शेष आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## जनसुनवाई, योजनाओं का लाभ वितरण और निर्माण कार्यों की पड़ताल–पूरा दिन रहेगा गतिविधियों से भरपूर

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। देवीपाटन मंडल की आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देशन में 8 मई को जनपद श्रावस्ती में "संध्या संवाद कार्यक्रम" आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान,विकास कार्यों की गुणवत्ता की जांच तथा शासन की योजनाओं को पात्र लोगों तक पहुंचाना है।कार्यक्रम की




शुरुआत प्रातः 10 बजे से जनसुनवाई के साथ होगी, जहां आयुक्त आम नागरिकों की समस्याएं सुनेंगी और संबंधित अधिकारियों को मौके पर समाधान के निर्देश देंगी।इसके बाद कर्मचारियों, पेंशनरों एवं वरिष्ठ नागरिकों की विभागीय और पेंशन संबंधी समस्याओं के निस्तारण के लिए विशेष बैठक आयोजित की जाएगी।दोपहर में आयुक्त विभिन्न निर्माणाधीन एवं पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगी।इस दौरान निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति तथा अभिलेखों का सत्यापन किया जाएगा। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि निरीक्षण के समय सभी आवश्यक अभिलेखों के साथ मौके पर उपस्थित रहें।शाम के समय चयनित ग्राम पंचायत में "संध्या संवाद कार्यक्रम" आयोजित होगा, जिसमें ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी जाएंगी। साथ ही गांव में विशेष शिविर लगाकर पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा और प्रमाण–पत्र वितरित किए जाएंगे।आयुक्त ने कहा कि शासन की मंशा है कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और जनता को समस्याओं के समाधान के लिए भटकना न पड़े। इसी उद्देश्य से प्रशासन गांव स्तर तक पहुंचकर संवाद और समाधान की प्रक्रिया को मजबूत कर रहा है।

# जांच में झूठा निकला मामला: ग्राम प्रधान का वित्तीय अधिकार बहाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। गौर विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैदोलिया में भ्रष्टाचार की शिकायत उल्टे शिकायतकर्ताओं पर ही भारी पड़ गई। जांच में अधिकारियों ने लगाए गए आरोप को गलत पाया। इसके बाद ग्राम प्रधान को क्लीन चिट देते हुए वित्तीय और प्रशासनिक पावर को बहाल कर दिया है। अब ग्राम प्रधान की तरफ से शिकायतकर्ताओं के ऊपर कारवाई की मांग की गई है। गौर विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैदोलिया निवासी एक व्यक्ति ने ग्राम पंचायत में सरकारी कार्य में अनियमितता



और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी। जिसके क्रम में सक्षम अधिकारियों द्वारा जांच करने के बाद ग्राम पंचायत के प्रशासनिक और वित्तीय पावर को सीज कर दिया गया था। इसके बाद ग्राम प्रधान के द्वारा अधिकारियों से निष्पक्ष जांच की गुहार लगाई गई। जिलाधिकारी ने जांच टीम गठित कर अंतिम रिपोर्ट प्रेषित करने का निर्देश दिया। जिला समाज कल्याण अधिकारी की अगुवाई में गठित जांच टीम ने गांव पहुंचकर लगाए गए आरोपों की जांच करने के साथ स्थलीय सत्यापन किया। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रूद्रनाथ पाण्डेय ने बताया कि जो भी आरोप ग्राम प्रधान के ऊपर लगाए गए हैं वह सब फर्जी हैं। ग्राम प्रधान के द्वारा जो भी भुगतान कराया गया है, उसके बदले में सभी कार्य कराए गए हैं। ग्रामीणों के बयान और शपथ पत्र देने के बाद जांच टीम ने ग्राम प्रधान को निर्दोष पाया और क्लीन चिट देते हुए रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रस्तुत किया। जिसके बाद जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत के प्रशासनिक और वित्तीय पावर को बहाल कर दिया है। ग्राम प्रधान ने झूठी शिकायत करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है।

## पयागपुर में अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, प्रशासन ने हटवाया कब्जा



दैनिक बुद्ध का संदेश

पयागपुर/बहराइच। तहसील पयागपुर अंतर्गत ग्राम सभा सचौली में सार्वजनिक मार्ग पर किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन से कब्जा हटवाया। इस दौरान तहसील प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी तथा स्थानीय पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे। बताया जाता है कि रास्ते पर अतिक्रमण के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। शिकायतों के बाद प्रशासन ने मामले का संज्ञान लेते हुए अभियान चलाकर अतिक्रमण को ध्वस्त कराया। कार्रवाई के दौरान कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा और पूरे अभियान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि सार्वजनिक स्थलों और मार्गों पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा आगे भी ऐसे अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

## नेपाल यातायात विभाग की कार्रवाई के विरोध में ट्रक चालकों का प्रदर्शन, सोनौली बॉर्डर पर लगा लंबा जाम

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनौली/महराजगंज। नौतनवा–गोरखपुर राष्ट्रीय



राजमार्ग पर गुरुवार को भारतीय मालवाहक ट्रक चालकों का गुस्सा फूट पड़ा। नेपाल के भैरहवा स्थित यातायात विभाग पर कथित मनमानी और अवैध जुर्माना वसूली का आरोप लगाते हुए ट्रक चालकों ने सोनौली बाईपास पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व नौतनवा ट्रक ऑपरेटर कल्याण समिति के अध्यक्ष पप्पू खान ने किया। प्रदर्शन कर रहे ट्रक चालकों का आरोप है कि नेपाल यातायात विभाग भारत से नेपाल जाने वाले मालवाहक ट्रकों के आरसी लोडिंग मानकों को मान्यता नहीं दे रहा है। अंडरलोड ट्रकों को भी ओवरलोड बताकर प्रति ट्रक करीब 10 हजार रुपये तक का जुर्माना वसूला जा रहा है। चालकों ने बताया कि जुर्माने की राशि ऑनलाइन जमा करने में भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। तकनीकी दिक्कतों और देरी के कारण कई बार भंसार (कस्टम प्रक्रिया) फेल हो जाती है, जिसके बाद अतिरिक्त जुर्माना देना पड़ता है। नेपाल यातायात विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर भारतीय ट्रक चालकों में भारी नाराजगी देखने को मिली। चालकों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो नेपाल जाने वाले मालवाहक ट्रकों का संचालन पूरी तरह ठप कर दिया जाएगा। ट्रक ऑपरेटर यूनियन के अध्यक्ष पप्पू खान ने कहा कि फिलहाल यह सांकेतिक प्रदर्शन है, लेकिन समस्या का समाधान न होने पर चक्का जाम और अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। उन्होंने इस मामले में जिलाधिकारी महाराजगंज का ध्यान भी आ.ष्ट कराया है। प्रदर्शन के चलते सोनौली बॉर्डर से नौतनवा तक करीब 10 किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिसमें सैकड़ों मालवाहक ट्रक फंस गए। जाम के कारण स्थानीय लोगों और यात्रियों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## एनसीसी कंपनी ने मनाई "ऑपरेशन सिंदूर" की प्रथम वर्षगांठ

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। जनपद के करनैलगंज तहसील स्थित कन्हैया लाल इंटर कॉलेज की एनसीसी कंपनी द्वारा भारतीय सेना के सफल "ऑपरेशन सिंदूर" की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य मेजर राजाराम द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ, जिसके पश्चात गार्ड ऑफ ऑनर की टीम ने सलामी प्रस्तुत कर राष्ट्रभक्ति का अनुपम .श्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स एवं विद्यार्थियों ने व्याख्यान, पेंटिंग तथा स्लोगन प्रतियोगिताओं के माध्यम से भारतीय सेना के शौर्य, साहस और राष्ट्ररक्षा के संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य मेजर राजाराम ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि भारतीय नारी का सिंदूर केवल श्रृंगार का प्रतीक नहीं, बल्कि उसके सम्मान, स्वाभिमान और आत्मगौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने "ऑपरेशन सिंदूर" के माध्यम से यह सिद्ध किया कि देश अपनी मातृशक्ति और सम्मान की रक्षा के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने विशेष रूप से कर्नल सोफिया एवं विंग कमांडर व्योमिका सिंह के अदम्य साहस, नेतृत्व और पराक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इन वीरांगनाओं ने अपने उत.ष्ट कार्यों से यह प्रमाणित किया है कि महिलाएं न केवल राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं,बल्कि अपने सम्मान और अस्तित्व की रक्षा स्वयं करने में भी पूर्णतः सक्षम हैं।प्रतियोगिताओं में उत.ष्ट प्रदर्शन करने वाले सकीना, अभयराज गोस्वामी एवं अंशु गोस्वामी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने पहलगाम के शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।इस आयोजन को सफल बनाने में स्काउट प्रभारी अमित श्रीवास्तव,डॉ. राजधारी सिंह, नरेंद्र बहादुर सिंह, त्रियुगीनारायण द्विवेदी, रिंकू मणि गौतम, शिव कुमार पाठक सहित समस्त शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




## सड़क हादसे में मां–बेटे की दर्दनाक मौत, गांव में मातम

दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच। जनपद के पयागपुर क्षेत्र में गुरुवार को एक हृदयविदारक सड़क हादसे में मां–बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रुकनापुर के वीर पुरवा निवासी मां और उनका बेटा बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान झाला के पास तेज रतार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख–पुकार मच गई और देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और वाहन की तलाश की जा रही है। इस दर्दनाक हादसे से मृतकों के परिवार में कोहराम मचा हुआ है, वहीं पूरे गांव में मातम पसरा है। एक ही झटके में परिवार के दो सदस्यों की मौत ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। तेज रतार और लापरवाही सड़क पर जानलेवा साबित हो सकती है। सुरक्षित वाहन चलाना ही सबसे बड़ी सावधानी है।



# पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा में जिलाधिकारी सख्त, खराब प्रगति पर स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत बैंकर्स एवं नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक, समस्त अधिशासी अधिकारी एवं बैंक समन्वयक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर्स को दिए जाने वाले ऋण वितरण एवं नवीन आवेदनों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बताया कि योजना के तहत स्ट्रीट वेंडर्स को प्रथम किस्त में रूपया 15,000, द्वितीय किस्त में रूपया 25,000 तथा तृतीय किस्त में रूपया 50,000 तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। जिलाधिकारी ने लोन डिस्बर्समेंट एवं नवीन आवेदनों की धीमी प्रगति पर संबंधित बैंक अधिकारियों एवं नगर निकायों के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने निर्देशित किया कि लंबित आवेदनों पर तत्काल निर्णय लेते हुए अविलंब ऋण वितरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को अधिक से अधिक पात्र स्ट्रीट वेंडर्स के आवेदन कराए जाने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान नगर पंचायत अनपरा, ओबरा, रेणुकूट एवं रॉबर्ट्सगंज की प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध स्पष्टीकरण जारी किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के भीतर अधिक से अधिक आवेदन सुनिश्चित किए जाएं तथा नगर क्षेत्रों के विस्तारित इलाकों में संचालित सभी स्ट्रीट वेंडर्स को योजना से जोड़ते हुए आवेदन कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी योजना है, जिसकी समीक्षा शासन स्तर पर सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से की जाती है। जिले की रैंकिंग आवेदनों एवं ऋण वितरण के अनुपात के आधार पर निर्धारित होती है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर शिथिलता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर स्ट्रीट वेंडर्स को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने एवं उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# वंदन योजना के तहत कैलाश मंदिर परिसर का होगा सौंदर्यीकरण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। नगर पंचायत चोपन क्षेत्र में धार्मिक स्थलों के विकास और सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित "वंदन योजना" के अंतर्गत नगर के प्रमुख मंदिरों के लिए धन आवंटित किया गया है। इसी क्रम में नगर स्थित प्राचीन कैलाश मंदिर एवं हाइडिल कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य को स्वी.ति मिली है। गुरुवार को प्राचीन कैलाश मंदिर परिसर में नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली, अधिशासी अधिकारी अखिलेश सिंह, विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष विद्यासागर पांडेय, मंदिर समिति के पदाधिकारियों एवं सभासदों की उपस्थिति में विधिवत पूजा–अर्चना कर सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस दौरान पूरे मंदिर परिसर में धार्मिक वातावरण बना रहा और स्थानीय लोगों में उत्साह देखने को मिला। नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार धार्मिक स्थलों के संरक्षण एवं विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। "वंदन योजना" के माध्यम से न केवल मंदिरों का स्वरूप बेहतर होगा, बल्कि श्रद्धालुओं को भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने आगे कहा कि कैलाश मंदिर नगर की आस्था का प्रमुख केंद्र है और इसके सौंदर्यीकरण से नगर की धार्मिक एवं सांस्.तिक पहचान को मजबूती मिलेगी। वहीं विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष विद्यासागर पांडेय ने भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार धार्मिक स्थलों के संरक्षण के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वंदन योजना के माध्यम से मंदिरों का सौंदर्यीकरण होने से श्रद्धालुओं में उत्साह बढ़ेगा। इस मौके पर मंदिर समिति के महामंत्री पृथ्वी सिंह, उपाध्यक्ष . ष्णदेव नारायण राय, पुजारी दिलीप त्रिपाठी, सभासद शांति देवी, राजन जायसवाल, रामपरीखा विश्वकर्मा, राजेश अग्रहरि, घनश्याम चौधरी, विनीत जाटव, नागेंद्र यादव, नरेश यादव, अनिकेत रावत, सुशील साहनी, पंकज बिंद, विकास चौबे, रामनरेश चौधरी, सत्य प्रकाश तिवारी, मनोज सिंह, संतोष वर्मा, मंसूर आलम, राधारमन पांडेय, जितेंद्र पासवान, रोहित तिवारी, लिपिक अंकित पांडेय इत्यादि लोग उपस्थित रहे।



## थाना चोपन पुलिस को मिली बड़ी सफलता, चोरी के अभियोग से संबंधित वांछित अभियुक्तगिरतार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु दिए गए निर्देशों के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार के मार्गदर्शन मे एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना चोपन अखिलेश मिश्रा के नेतृत्व में थाना चोपन पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग में वांछित अभियुक्त की गिरतारी करते हुए महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई। 07.05.2026 को उ0नि0 घनश्याम तिवारी चौकी प्रभारी डाला मय हमराह पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग के दौरान विकासनगर कोठा टोला मोहल्ला के सामने डाला से ओबरा जाने वाली रोड के किनारे से अभियुक्त प्रिंस कुमार पुत्र कौशल कुमार निवासी ग्राम सरकण्डा थाना मनियर जनपद बलिया उम्र करीब 20 वर्ष को गिरतार किया गया अभियुक्त के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से संबंधित चोरी की 01 अदद मोटरसाइकिल संख्या श्रभ03र 8729 होंडा **HF Deluxe** बरामद की गई। उक्त गिरतारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना चोपन पर पंजी.त मु0अ0सं0 0163/2026 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा गया। जनपद पुलिस द्वारा चोरी, लूट एवं अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध सघन अभियान चलाकर कठोर वैधानिक कार्यवाही निरंतर की जा रही है।

## सार्वजनिक स्थान पर महिलाओं के प्रति अशोभनीय टिप्पणी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित किए जाने हेतु पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना शक्तिनगर सतेन्द्र कुमार राय के नेतृत्व में शक्तिनगर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई। 07.05.2026 को प्रभारी चौकी बीना उ0नि0 अजय कुमार श्रीवास्तव मय हमराही हे0का0 रामजी के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील एवं शांति व्यवस्था ड्यूटी में थे, तभी सूचना प्राप्त हुई कि बीना सब्जी मंडी, ग्राम जमशिला के पास एक व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर आने–जाने वाली महिलाओं के प्रति अशोभनीय/अश्लील टिप्पणी कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची, जहां एक व्यक्ति महिलाओं के प्रति अशोभनीय टिप्पणी करते हुए पाया गया। पुलिस टीम द्वारा तत्परता एवं सतर्कता के साथ घेराबंदी कर उक्त व्यक्ति को मौके से गिरतार किया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम रामाश्रय पुत्र नागा साव, निवासी डाला बस्ती जमशिला, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 47 वर्ष बताया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना शक्तिनगर पर मु0अ0सं0 87/2026 धारा 296 बीएनएस पंजी.त कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। मौके पर शांति व्यवस्था सामान्य रही।

## अवैध गोवंश तस्करी में संलिप्त 02 अभियुक्त गिरफ्तार, 06 गोवंश बरामद

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में अपराध एवं अवैध गोवंश तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु दिए गए निर्देशों के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ऋषभ रुणवाल के मार्गदर्शन में तथा क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के पर्यवेक्षण एवं थानाध्यक्ष विण्ढमगंज के नेतृत्व में थाना विण्ढमगंज पुलिस द्वारा महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई। 06.05.2026 को उ0नि0 जयप्रकाश यादव मय पुलिस बल द्वारा कोन मोड़, वहद ग्राम सलैयाडीह के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान एक पिकअप वाहन संख्या न्च्64भ्6540 को रोककर तलाशी ली गई। वाहन में क्रूरतापूर्वक लदे 06 गोवंश पाए गए, जिनके साथ 02 अभियुक्तों को मौके से गिरतार किया गया। गिरतार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना विण्ढमगंज पर मु0अ0सं0 61/2026 धारा 3/5।/8 गौवध निवारण अधिनियम एवं धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजी.त कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा गया। अभियुक्तों ने पूछताछ बताया कि वे क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से गोवंशों को एकत्रित कर उन्हें पिकअप वाहन में क्रूरतापूर्वक लादते थे तथा बभनी, म्योरपुर, दुद्धी एवं विण्ढमगंज के रास्ते होते हुए झारखण्ड ले जाया जाता था। झारखण्ड पहुंचने के उपरांत उक्त गोवंशों को आगे वध हेतु बिहार भेजा जाता हैं। जनपद पुलिस द्वारा अवैध गोवंश तस्करी के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी है तथा ऐसे अपराधियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

## पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना रामपुर बरकोनिया का रात्रिकालीन आकस्मिक निरीक्षण



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा थाना रामपुर बरकोनिया का रात्रिकालीन आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, अभिलेखों के रख–रखाव, मालखाना, हवालात, सीसीटीवी व्यवस्था, थाना परिसर, भोजनालय, शस्त्रागार, बैरक एवं साफ–सफाई सहित समस्त व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया। निरीक्षण के क्रम में अभिलेखों को अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रखने, थाना परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, अनुशासन एवं समयबद्ध कार्य निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारी/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। मिशन शक्ति केन्द्र एवं महिला हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए महिला संबंधी अपराधों में त्वरित, निष्पक्ष एवं संवेदनशील कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पीड़ितों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं सम्मानजनक सहायता उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया गया। साइबर हेल्प डेस्क का निरीक्षण करते हुए साइबर अपराधों एवं ऑनलाइन फ्रॉड से संबंधित शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही, पीड़ितों को शीघ्र सहायता प्रदान करने तथा आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान मार्ग में रात्रि गश्त पर तैनात च्व्ट को चेक किया गया तथा सतर्कता के साथ ड्यूटी निर्वहन हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित निस्तारण, पारदर्शी पुलिसिंग एवं संवेदनशील व्यवहार को सर्वोच्च प्राथमिकता देने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त थाना में नियुक्त रिक्रूट आरक्षियों के कार्यों की समीक्षा कर उन्हें अनुशासन, सतर्कता एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।

## झाड़ियों में मिला अज्ञात युवक का शव

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। बिल्ली मारकुंडी खनन क्षेत्र के बघबनवा इलाके के रेलवे लाइन के किनारे झाड़ियों के बीच गुरुवार को एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। घटना की जानकारी होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।वही मामले की सूचना पाकर पहुंची ओबरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।वही ओबरा पुलिस युवक की पहचान करानें में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को बघबनवा क्षेत्र में लोगों को सुबह में तेज दुर्गंधकी महक महसूस हुई। दुर्गंध लगातार आने पर स्थानीय लोगों ने किसी अनहोनी की आशंका से आसपास तलाश करते हुए रेलवे ट्रैक के समीप झाड़ियों के बीच एक युवक का शव पड़ा देखा। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना ओबरा थाने को दिया। सूचना मिलते ही ओबरा पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दिया।पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी मौक पर बुलाया गया। फॉरेंसिक टीम ने आवश्यक साक्ष्य एकत्र करने के साथ आसपास के क्षेत्र की बारीकी से जांच किया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में मृतक की उम्र लगभग 40 से 45 वर्ष के बीच बताया गया तथा मृतक नीली जीन्स पेंट व टी शर्ट पहने हुआ था साथ ही शव करीब चार से पांच दिन पुराना बताया जा रहा था। लंबे समय तक झाड़ियों में पड़े रहने के कारण शव की स्थिति काफी खराब हो चुकी थी, जिससे युवक की पहचान कराने में कठिनाई सामने आ रही है। पुलिस आसपास के गांवों और थानों से गुमशुदगी की जानकारी भी जुटा रही है ताकि मृतक की शिनाख्त की जा सके। हालांकि ओबरा क्षेत्राधिकारी अमित सिंह एवं थाना प्रभारी सदानंद राय संयुक्त रूप से हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच आगे चल रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

## अपना दल (एस) की मासिक बैठक संपन्न, संगठन मजबूती पर जोर, कई लोगों ने ग्रहण की सदस्यता

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। अपना दल (एस) की मासिक बैठक जिला कार्यालय, सोमनाथ मंदिर परिसर में जिलाध्यक्ष अंजनी पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन जिला मीडिया सचिव विकास पटेल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य दिनेश बियार मौजूद रहे। इसके अलावा वरिष्ठ नेता सत्यनारायण पटेल, राजकुमार सोनी, आनंद पटेल दयालु, महताब आलम, प्रीति सिंह राजपूत एवं मान सिंह गोंड सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि पार्टी की विचारधारा और नीतियों को जन–जन तक पहुंचाना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। जिलाध्यक्ष अंजनी पटेल ने पिछले महीने किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में जनता की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के लिए कार्य करे। बैठक में उत्.ष्ट कार्य करने वाले कई पदाधिकारियों को माला एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं रेणुकूट निवासी संजय सोनी ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में महिला मंच, व्यापार मंच, आईटी मंच, शिक्षक मंच समेत विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## जनगणना हुई हाईटेक, नागरिक ऑनलाइन देंगे जानकारी, डिजिटल जनगणना, लोग खुद भर सकेंगे 33

### सिद्धार्थनगर में भी शुरू हुई नई व्यवस्था, मोबाइल से होगा सेल्फ एन्यूमरेशन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। देश में पहली बार डिजिटल तरीके से जनगणना की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अब लोग घर बैठे अपने मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से स्वयं अपनी और परिवार के सदस्यों की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। प्रदेश में आज से जनगणना–2027 का पहला चरण शुरू हो गया है।नई व्यवस्था के तहत नागरिकों को लगभग 33 सवालों के जवाब ऑनलाइन देने होंगे। इसमें परिवार के सदस्यों का विवरण, मकान की स्थिति, बिजली–पानी–शौचालय जैसी सुविधाएं, मोबाइल और इंटरनेट की उपलब्धता तथा आवास और संपत्ति से जुड़ी जानकारियां शामिल हैं।प्रशासन के अनुसार जनगणना की यह प्रक्रिया चार चरणों में पूरी की जाएगी। पहली बार "सेल्फ एन्यूमरेशन" व्यवस्था लागू की गई है, जिसमें नागरिक खुद मोबाइल नंबर और ओटीपी के माध्यम से लॉगिन कर जानकारी दर्ज करेंगे।हालांकि डिजिटल जनगणना को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट और स्मार्टफोन की कमी बड़ी चुनौती मानी जा रही है। कई इलाकों में धीमा इंटरनेट और डिजिटल जानकारी के अभाव में लोगों को परेशानी हो सकती है।जिलाधिकारी ने कहा कि डिजिटल जनगणना से प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और तेज होगी। प्रशासन ने लोगों से सही जानकारी दर्ज करने और जनगणना प्रक्रिया में सहयोग करने की अपील की है।

## नशा तस्करों के आर्थिक नेटवर्क पर पुलिस का बड़ा प्रहार 27 लाख की अबैध संपत्ति फ्रीज



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल पर्यवेक्षण में थाना अनपरा पुलिस द्वारा नशा तस्करों के विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी वैधानिक कार्यवाही लगातार की जा रही है। थाना अनपरा पर पंजी.त मु0अ0सं0–26/2026 धारा 8/21/29 छक्कै ।बज में अभियुक्त मनोज कुमार पुत्र फूलचन्द्र कुमार निवासी ग्राम डिबुलगंज थाना अनपरा जनपद सोनभद्र को 10 ग्राम हेरोइन के साथ गिरतार कर दिनांक 08.02.2026 को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था। प्रकरण की विवेचना एवं वित्तीय जांच के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्त एवं उसके परिजनों द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित अवैध धन से चल एवं अचल संपत्तियां अर्जित की गई थीं। उक्त के संबंध में थाना अनपरा पुलिस द्वारा दिनांक 03.04.2026 को छक्कै ।बज की धारा 68–थ(1) के अंतर्गत संपत्तियों को फ्रीज/अभिग्रहित किए जाने की कार्यवाही की गई थी। थाना अनपरा पुलिस की प्रभावी पैरवी एवं प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर सक्षम प्राधिकारी एवं प्रशासक **SAFEM(FOP)**। एवं **NDPS Act**, नई दिल्ली द्वारा 30.04.2026 को पारित आदेश के माध्यम से उक्त कार्यवाही को विधिसम्मत मानते हुए अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों को फ्रीज किए जाने के आदेश की पुष्टि की गई है।

**सोनभद्र पुलिस का स्पष्ट संदेश–**

*नशे के कारोबार से अर्जित अवैध संपत्तियों को किसी भी कीमत पर सुरक्षित नहीं रहने दिया जाएगा। अपराधियों के आर्थिक तंत्र पर लगातार कठोर प्रहार जारी रहेगा।*

## सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क स्थापना को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट के जन सुनवाई कक्ष में जनपद में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सी०जी०डी०) नेटवर्क की स्थापना एवं गेल कंपनी द्वारा संचालित वितरण योजना के सुचारू क्रियान्वयन तथा प्रभावी संचालन के संबंध में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं गेल कंपनी के प्रतिनिधियों से जनपद में गैस पाइपलाइन नेटवर्क विस्तार, घरेलू गैस कनेक्शन, औद्योगिक एवं व्यावसायिक उपयोग हेतु गैस आपूर्ति व्यवस्था सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देशित किया कि योजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा निर्धारित समयावधि में कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन योजना से आमजन को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुगम ईंधन उपलब्ध होगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ–साथ लोगों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि गैस पाइपलाइन बिछाने एवं अन्य कार्यों में आपसी समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक अनुमतियों एवं प्रक्रियाओं को शीघ्र पूर्ण कराया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला पूर्ति अधिकारी ध्रुव गुप्ता संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं गेल कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रकः– श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक– राजेश कुमार शर्मा
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458 9415163471, 9453824459 दैनिक बुद्ध का संदेश 9795951917,9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# राजा शिवाजी का ताबड़तोड़ कलेक्शन जारी, 50 करोड़ के करीब पहुंचे रितेश देशमुख

रितेश देशमुख द्वारा अभिनीत और निर्देशित ऐतिहासिक फिल्म राजा शिवाजी कारोबारी दिनों में बॉक्स ऑफिस पर अपनी मजबूत पकड़ बना चुकी है। इसने 1 मई को सिनेमाघरों का रुख किया



था और इसे हिंदी के साथ–साथ मराठी भाषा में रिलीज किया गया है। दोनों ही भाषाओं में फिल्म हर दिन धाकड़ कमाई कर रही है और 50 करोड़ के क्लब में शामिल होने से कुछ दूर है। दूसरी ओर इसके साथ रिलीज हुई फिल्म एक दिन का बुरा हाल है।

सैकनिल्क के मुताबिक, रितेश अभिनीत राजा शिवाजी ने 5वें दिन 4.90 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। इसमें हिंदी संस्करण से 1.55 करोड़ और मराठी संस्करण से 3.35 करोड़ रुपये शामिल है। इस कमाई के साथ फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 5 दिनों में कुल 44.40 करोड़ रुपये कमा चुकी है। अब इसका लक्ष्य 50 करोड़ के क्लब में अपनी जगह बनाना है। इस पीरियड ड्रामा में जेनेलिया डिसूजा, संजय दत्त, विद्या बालन, अभिषेक बच्चन और भाग्यश्री जैसे सितारे हैं।

साई पल्लवी और जुनैद खान की फिल्म एक दिन भी 1 मई को रिलीज हुई थी, लेकिन पहले हफ्ते में कमाई बेहाल होकर लाखों रुपये में सिमट गई है। फिल्म ने 5वें दिन कुल 28 लाख रुपये कमाए हैं। अब तक यह बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 3.51 करोड़ रुपये बटोर पाई है। वहीं 17 अप्रैल को रिलीज अक्षय कुमार की फिल्म भूत बंगला ने 19वें दिन 2.25 करोड़ रुपये कमाए हैं। इसका कुल कलेक्शन 1,46.50 करोड़ रुपये हो गया है।

# सिटाडेल 2 से दिल जीतने आईं प्रियंका चोपड़ा, इन फिल्मों–सीरीज से भी लूटी वाहवाही

प्रियंका चोपड़ा की कामयाबी के चर्चे पूरी दुनिया में गूंजते हैं। यही कारण है कि उनकी हर




परियोजना का इंतजार फैंस बेसब्री से करते हैं। 6 मई को अभिनेत्री अपनी चर्चित हॉलीवुड वेब सीरीज सिटाडेल का दूसरा सीजन लेकर आई हैं। इस जासूसी–थ्रिलर का प्रीमियर अमेजन प्राइम वीडियो पर किया गया है, जिसमें रिचर्ड मैडेन भी मुख्य किरदार में हैं। आइए जानते हैं प्रियंका की पिछली हॉलीवुड फिल्मों–सीरीज के बारे में, जिन्होंने उन्हें विश्व स्तर पर पहचान दिलाई। टीवी सीरीज क्वांटिको को प्रियंका के करियर का सबसे बड़ा मील का पत्थर माना जाता है, क्योंकि इसने उन्हें विश्व स्तर पर कामयाबी दिलाने का काम किया। इस सीरीज में उन्होंने एलेक्स पैरिश नाम की एक तेज–तर्रार एफबीआई का रोल निभाया है। उनका अभिनय इतना शानदार रहा कि लगातार 2 साल उन्होंने इसके लिए पीपुल्स चॉइस पुरस्कार जीता। यही नहीं, प्रियंका पहली दक्षिण एशियाई अभिनेत्री बन गईं, जिसने किसी बड़े अमेरिकी टीवी नेटवर्क के शो में मुख्य भूमिका निभाई। प्राइम वीडियो पर सिटाडेल का पहला सीजन साल 2023 में आया था। यह जासूसी थ्रिलर सीरीज है, जिसमें प्रियंका ने नादिया सिंह का रोल निभाया है, जो सिटाडेल की एक एलीट जासूस है। गेम ऑफ थ्रोन्स वाले अभिनेता रिचर्ड मैडेन भी सीरीज में मुख्य किरदार में हैं। 6 एपिसोड वाली इस सीरीज में, प्रियंका ने अपने अभिनय से ग्लोबल स्तर पर कामयाबी हासिल की। खबरों के मुताबिक, सिटाडेल में उन्होंने करीब 80 प्रतिशत स्टंट खुद किए हैं। 2025 में आई एक्शन–कॉमेडी फिल्म हैड्स ऑफ स्टेट भी प्रियंका के हॉलीवुड करियर में चार चांद लगाने का काम कर चुकी है। इसमें उनके साथ जॉन सीना और इड्रिस एल्बा भी नजर आए थे। यह एक बडी–कॉप फिल्म है, जिसमें कॉमेडी के साथ–साथ हाई–ऑक्टेन एक्शन दृश्य हैं। फिल्म द ब्लफ में, प्रियंका ने पिछले जासूसी किरदारों से बिल्कुल अलग किरदार निभाया है। पूर्व महिला समुद्री डाकू के किरदार में वह तलवारबाजी और पुराने हथियारों का इस्तेमाल करते नजर आईं हैं।

# गोल्डन साड़ी में काजल अग्रवाल ने बिखेरा जलवा, ग्रेस और ग्लैमर का दिखा परफेक्ट कॉम्बिनेशन

एक्ट्रेस काजल अग्रवाल ने एक बार फिर अपने स्टाइल और ग्रेस से फैंस का दिल जीत लिया है. हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर की है, जिनमें उनका एलिगेंट और ग्लैमरस अंदाज देखने को मिला रहा है. ट्रेडिशनल साड़ी को मॉडर्न टच के साथ कैरी करते हुए काजल ने फैंस को एक नया



फैशन इंस्पिरेशन दिया है. उनका ये लुक ना सिर्फ क्लासी है, बल्कि शादी या फेस्टिव मौके के लिए भी परफेक्ट ऑप्शन है.

काजल ने गोल्डन शिमरी साड़ी पहनी है, जिसमें हल्की चमक उनके पूरे लुक को रॉयल टच दे रही हैं. उन्होंने हाई–नेक, फुल स्लीव्स वाला एम्ब्रॉयडरी ब्लाउज कैरी किया है, जो बहुत ही डिटेल्ड और स्टाइलिश लग रहा है. साड़ी को उन्होंने बहुत सलीके से ड्रेप किया है, जिससे उनका फिगर और भी एन्हांस हो रहा है. बालों को उन्होंने जूड़ा में बांधा है, जिससे उनका लुक क्लीन और एलिगेंट दिख रहा है. न्यूड मेकअप के साथ सॉफ्ट आई मेकअप और हल्के लिप शेड ने उनके चेहरे की नैचुरल ब्यूटी को हाइलाइट किया है. उन्होंने मिनिमल ज्वेलरी पहनी है, जिसमें छोटे ईयररिंग्स ओवरऑल लुक को बैलेंस कर रहे हैं. उनका पूरा लुक ट्रेडिशनल और मॉडर्न का परफेक्ट मिक्स है, जो उन्हें ग्रेसफुल और क्लासी बना रहा है.

# तीन–तीन सुंदर हीरोइन्स के फेर में उलझे आयुष्मान खुराना, पति पत्नी और वो दो का ट्रेलर रिलीज, 15 मई को आएगी फिल्म




आयुष्मान खुराना एक बार फिर बड़े पर्दे पर अपनी जिंदगी की खलबली लेकर लौट आए हैं। बहुप्रतीक्षित फिल्म पति पत्नी और वो दो का मजेदार ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें आयुष्मान 1–2 नहीं, बल्कि 3–3 हसीनाओं के बीच बुरी तरह फंसे नजर आ रहे हैं। प्यार, शादी और जबरदस्त उलझनों से भरा ये ट्रेलर देख दर्शक खूब ठहाके लगा रहे हैं। फिल्म में आयुष्मान के साथ सारा अली खान, वामिका गब्बी और रकुल प्रीत सिंह नजर आएंगी।

बॉलीवुड में एक बार फिर पति की मुसीबतों वाली कहानी की वापसी हुई है। गानों और टीजर के जरिए माहौल बनाने के बाद अब पति पत्नी और वो दो का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म की कहानी प्रजापति पांडे (आयुष्मान) के इर्द–गिर्द घूमती है, जिनकी जिंदगी में एक पत्नी और एक नहीं, बल्कि 2–2 प्रेमिकाएं हैं। इस कन्फ्यूजन और अफरा–तफरी से प्रजापति कैसे बाहर निकलेंगे, यही फिल्म की मुख्य कहानी है।

मुदस्सर अजीज, जिन्होंने पति पत्नी और वो और मेरे हस्बैंड की बीवी जैसी फिल्मों से अपनी खास पहचान बनाई है, एक बार फिर अपनी चिर–परिचित शैली में लौट आए हैं। इस बार भी उन्होंने एक ऐसी कहानी बुनी है, जहां हीरो महिलाओं के चक्कर में बुरी तरह फंसा हुआ है। फिल्म में विजय राज, तिग्मांशु धूलिया और दुर्गेश कुमार जैसे कलाकार भी हैं। टी–सीरीज और बीआर स्टूडियोज के बैनर तले बनी ये फिल्म 15 मई, 2026 को सिनेमाघरों में आएगी।

बता दें कि पति पत्नि और वो नाम की पहली फिल्म साल 2019 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ भूमि पेडनेकर और अनन्या पांडे ने लीड रोल निभाया था। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी और लोगों को खूब पसंद आई थी। बॉक्स ऑफिस पर सफलता के बाद अब इसी तरह की एक और फिल्म रिलीज के लिए तैयार है। 15 मई को रिलीज होने वाली इस फिल्म से मेकर्स को अच्छी उम्मीदें हैं। अब देखना होगा कि क्या ये फिल्म भी कमाई के मामले में कुछ कमाल कर पाती है या नहीं। ट्रेलर रिलीज होते ही फैन्स का भी इंतजार खत्म हो गया है। फिल्म के ट्रेलर में इसकी कहानी की भी झलक देखने को मिल रही है। फिल्म में दमदार कॉमेडी देखने को मिलने वाली है। विजय राज जैसे कमाल के कलाकार भी इस फिल्म में अपनी दमदार एक्टिंग का जलवा दिखाते नजर आने वाले हैं।

# संतरे के छिलकों का इन 5 तरीकों से करें इस्तेमाल, मिलेंगे कई स्वास्थ्य लाभ



आमतौर पर लोग संतरे के छिलके को फेंक देते हैं, लेकिन यह त्वचा की देखभाल करने और घर को ताजगी देने के लिए बहुत फायदेमंद होता है। संतरे के छिलकों में विटामिन–सी, एंटीऑक्सीडेंट्स और कई अन्य पोषक तत्व होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे आसान और प्रभावी तरीके बताते हैं, जिनसे आप संतरे के छिलकों का इस्तेमाल करके अपनी त्वचा और घर को ताजगी दे सकते हैं।

चेहरे की सफाई के लिए करें इस्तेमाल

संतरे के छिलके का पाउडर चेहरे की सफाई के लिए बहुत उपयोगी हो सकता है। इसके लिए संतरे के छिलकों को धूप में सुखाकर पीस लें और फिर उसमें थोड़ा दही मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं और 5–10 मिनट बाद गुनगुने पानी से धो लें। इससे आपका चेहरा साफ और ताजगी भरा महसूस होगा। यह उपाय त्वचा को निखारने में भी मदद करता है।

स्क्रब बनाएं और इस्तेमाल करें

संतरे के छिलके का स्क्रब बनाकर इस्तेमाल करना भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इसके लिए संतरे के छिलकों को पीसकर उसमें थोड़ा शहद मिलाएं। इस मिश्रण को अपने हाथों, पैरों और शरीर के अन्य हिस्सों पर हल्के हाथों से मलें और फिर ठंडे पानी से धो लें। यह स्क्रब आपकी त्वचा को मुलायम बनाने के साथ–साथ मृत कोशिकाओं को भी हटा सकता है।

दांतों को चमकाने में करें मदद

संतरे के छिलके का इस्तेमाल दांतों को चमकाने के लिए भी किया जा सकता है। इसके लिए एक साफ कपड़े या ब्रश पर थोड़ा सा संतरे का छिलका रगड़ें और उसे अपने दांतों पर हल्के हाथों से मलें। इससे आपके दांत साफ होंगे और उनकी चमक भी बढ़ेगी। यह तरीका न केवल आपके दांतों को साफ करता है बल्कि मुंह की बदबू को भी दूर करता है।

घर की सफाई के लिए करें इस्तेमाल

संतरे के छिलके का पानी बनाकर उसका उपयोग घर की सफाई के लिए किया जा सकता है। इसके लिए कुछ संतरे के छिलकों को पानी में उबाल लें और जब पानी ठंडा हो जाए तो उसे स्प्रे बोतल में भर लें। इस मिश्रण का छिड़काव करने से घर की सतहें साफ होंगी और ताजगी भी मिलेगी। यह तरीका फर्श, टेबल, काउंटरटॉप आदि को साफ करने के लिए बहुत ही प्रभावी है।

तनाव कम करने के लिए करें इस्तेमाल

संतरे के छिलकों की खुशबू तनाव कम करने में मदद कर सकती है। इसके लिए आप कुछ सूखे हुए संतरे के छिलकों को पानी में उबालें और इस पानी को कमरे में फैलाएं या फिर नहाते समय इस पानी का इस्तेमाल करें। इससे आपका मन हल्का होगा और आप तरोताजा महसूस करेंगे। इस प्रकार संतरे के छिलके कई तरीकों से हमारे जीवन में उपयोगी साबित हो सकते हैं।